देशबन्धु

वर्ष – 7 । अंक – 213 । नर्मदापुरम, शनिवार 9 नवंबर 2024 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

अधिकारियों को लेकर केसला के गांवों में घूमे एसडीएम — पृष्ठ 2
भाईचारा बढ़ाने वाली मड़ई मेलों की परंपरा / कायम रहेंगे अमेरिका-भारत के गर्मजोशी भरे रिश्ते — पृष्ठ 4
गहन शोध को बढ़ावा देने सांची और डोंगगुक विश्वविद्यालय ने मिलाया हाथ — पृष्ठ 6
ईपीएस पेंशन भुगतान के नए पेमेंट सिस्टम का ट्रायल रन सफल : गोयल — पृष्ठ 8

## सार-समाचार

### इस साल नक्ससलियों से 228 हथियार बरामद

**जगदलपुर, एजेंसी।** वर्ष 2024 बस्तर पुलिस के लिए रहा उपलब्धि भरा रहा, इस दौरान बस्तर संभाग के 5 जिले में नक्सलियों के साथ 11 माह में 96 मुठभेड हुई, जिसमें सुरक्षाबलों ने 9 करोड़ 72 लाख के इनामी 189 नक्सलियों को ढेर कर दिया। इस दौरान विभिन्न मुठभेड़ों में जवानों से लूटे अत्याधुनिक 228 हथियार भी बरामद करने में सुरक्षाबल कामयाब रही। बरामद हथियार प्रदेश के अलग अलग इलाकों में हुए मुठभेड़ों में जवानों से लूटा गया था।

### कश्मीर में एक और मुठभेड़ में 2 आतंकी मारे गए

**जम्मू, एजेंसी।** अधिकारियों ने बताया कि उत्तरी कश्मीर के बारामुल्ला जिले के सोपोर के सागीपोरा इलाके में चल रही मुठभेड़ में दो अज्ञात आतंकवादी मारे गए हैं। एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि सागीपोरा के पानीपोरा में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विश्वसनीय जानकारी मिलने के बाद संयुक्त अभियान शुरू किया गया था। कल सागीपोरा इलाके में कुछ आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद एक अभियान शुरू किया गया था।

### सलमान खान को फिर मिली धमकी

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड स्टार सलमान खान को एक बार फिर लॉरेंस बिश्नोई गैंग से धमकी मिली है। इस बार मुंबई के ट्रैफिक कंट्रोल रूम में गुरुवार आधी रात के आसपास सलमान खान के लिए धमकी भरा मैसेज आया। धमकी के मैसेज में बताया गया है कि सलमान खान और लॉरेंस बिश्नोई पर एक गाना लिखा गया है। धमकी के मैसेज में कहा है कि एक महीने के भीतर गाना लिखने वाले को मार दिया जाएगा। अगर सलमान खान में हिम्मत है तो उसे बचा कर दिखाएं। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज जांच शुरू कर दी है।

### चुनाव आयोग ने 'सक्षम-ईसीआई' मोबाइल ऐप बनाया

**मुंबई, एजेंसी।** चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र में आगामी विधानसभा चुनाव में दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं को मतदान में सुविधा प्रदान करने के लिए 'सक्षम-ईसीआई' नाम का मोबाइल ऐप बनाया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने शुक्रवार को मीडिया को बताया कि दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं के लिए इस ऐप पर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। सभी जरूरतमंद मतदाता अपने मोबाइल पर सक्षम ईसीआई ऐप डाउनलोड करके इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। आयोग की ओर से विकसित सक्षम ऐप पर दिव्यांग मतदाताओं के लिए विभिन्न सुविधाएं प्रदान की गई हैं।

### बेहद खराब श्रेणी में बरकरार दिल्ली की हवा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की हवा बेहद खराब श्रेणी में बरकरार है। शुक्रवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 383 दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड के अनुसार राजधानी दिल्ली में शुक्रवार सुबह 7:30 बजे तक औसत एक्यूआई 383 था। जबकि दिल्ली एनसीआर के शहर फरीदाबाद में 246, गुरुग्राम में 281, गाजियाबाद में 321, ग्रेटर नोएडा में 295 और नोएडा में 270 एक्यूआई रहा।

---

सुप्रीम कोर्ट ने 1967 का अपना ही फैसला पलटा

# अलीगढ़ विश्वविद्यालय का अल्पसंख्यक दर्जा बरकरार

- 7 सदस्यीय संविधान पीठ ने 4-3 के बहुमत से फैसला सुनाया
- हाई कोर्ट ने दर्जे से कर दिया था वंचित



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय(एएमयू) मामले में 1967 का अपना एक फैसला पलटते हुए शुक्रवार को कहा कि किसी संस्थान को सिर्फ इसलिए अल्पसंख्यक दर्जा देने से इनकार नहीं किया जा सकता कि वह संसदीय कानून द्वारा स्थापित किया गया है।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात सदस्यीय संविधान पीठ ने बहुमत के आधार पर अजीज बाशा मामले में 1967 के फैसले को खारिज कर दिया, जो अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को कानून द्वारा बनाए जाने के कारण अल्पसंख्यक दर्जा से वंचित करने का आधार बना था। पीठ ने कहा कि अल्पसंख्यक संस्थान की स्थापना अल्पसंख्यकों द्वारा की जा सकती है, लेकिन जरूरी नहीं कि उसे अल्पसंख्यक सदस्यों द्वारा ही प्रशासित किया जाए। मुख्य न्यायाधीश ने स्वयं और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति जे बी पार्दीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की ओर से बहुमत का फैसला सुनाया। हालांकि, न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा ने अपने-अपने असहमति वाले फैसले दिए। बहुमत के आधार पर फैसला देने वाले न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने यह भी कहा कि संस्थान का अल्पसंख्यक दर्जा कानून द्वारा बनाए जाने के कारण खत्म नहीं होता।

अदालत ने कहा ऐसी स्थापना और अन्य पहलुओं से जुड़े विभिन्न कारकों को ध्यान में रखा जाना चाहिए। अदालत ने कहा कि यह साबित करना भी जरूरी नहीं है कि अल्पसंख्यक संस्थान का प्रशासन ऐसे अल्पसंख्यक समूह के पास है। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि अल्पसंख्यक संस्थान धर्मनिरपेक्ष शिक्षा पर जोर देना चाह सकते हैं और इसके लिए प्रशासन में अल्पसंख्यक सदस्यों की आवश्यकता नहीं है। शीर्ष अदालत ने फैसले की घोषणा के साथ ही मामले को तीन न्यायाधीशों की पीठ को सौंप दिया ताकि 2006 के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले से उत्पन्न मुद्दे पर निर्णय लिया जा सके, जिसने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को उसके अल्पसंख्यक दर्जा से वंचित कर दिया था। पीठ ने कहा कि एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे का मुद्दा अब एक नियमित पीठ द्वारा तय किया जाना है, ताकि तथ्यात्मक निर्धारण किया जा सके कि क्या इसे अल्पसंख्यक द्वारा 'स्थापित' किया गया था।

विदाई भाषण में ली चुटकी

### मुझे ट्रोल करने वाले बेरोजगार हो जाएंगे



चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ का शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में आखिरी दिन था। वे रविवार को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उन्होंने अपने विदाई भाषण में उनकी ट्रोलिंग करने वालों पर चुटकी ली। जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा, 'मैं शायद सबसे ज्यादा ट्रोल होने वाला जज हूं। मैं सोचता हूं कि मुझे ट्रोल करने वाले सोमवार से क्या करेंगे? वह तो बेरोजगार हो जाएंगे।' उन्होंने अपने विदाई भाषण में बशीर बद्र का यह शेर भी पढ़ा, 'मुख़ालिफ़त से मिरी शख़्सियत संवरती है। मैं दुश्मनों का बड़ा एहतिराम करता हूं।'

### 1967 का फैसला क्या था

वर्ष 1967 में 'एस अजीज बाशा बनाम यूनियन ऑफ इंडिया' मामले में पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा कि चूंकि एएमयू एक केंद्रीय विश्वविद्यालय है, इसलिए इसे अल्पसंख्यक संस्थान नहीं माना जा सकता। वर्ष 1981 में संसद द्वारा एएमयू (संशोधन) अधिनियम पारित किए जाने पर इसका अल्पसंख्यक दर्जा बहाल कर दिया गया। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने जनवरी 2006 में 1981 के कानून के उस प्रावधान को रद्द कर दिया था, जिसके तहत विश्वविद्यालय को अल्पसंख्यक दर्जा दिया गया था।

---

मोदी ने धुले में की चुनावी सभा, बोले-

# महाअघाड़ी की गाड़ी में न पहिए हैं, न ब्रेक



**धुले, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के धुले में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए महाविकास अघाड़ी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि महाअघाड़ी की गाड़ी में न पहिए हैं, न ब्रेक है, लेकिन ड्राइवर के लिए झगड़ा हो रहा है।

पीएम मोदी ने कहा कि हम सभी को, भाजपा को, महायुति को, महायुति के एक-एक उम्मीदवार को आपका आशीर्वाद चाहिए। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि पिछले ढाई वर्षों में महाराष्ट्र के विकास को जो गति मिली है, उसे रुकने नहीं दिया जाएगा। अगले 5 वर्ष महाराष्ट्र की प्रगति को एक नई ऊंचाई पर ले जाएंगे। महाराष्ट्र को जिस सुशासन की जरूरत है, वह महायुति सरकार ही दे सकती है। दूसरी तरफ महाअघाड़ी की गाड़ी में वैसे भी न पहिए हैं, न ब्रेक और ड्राइवर की सीट पर बैठने के लिए झगड़ा हो रहा है। चारों तरफ से भांति-भांति के हॉर्न सुनाई दे रहे है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र से मैंने जब भी कुछ मांगा है, महाराष्ट्र के लोगों ने दिल खोलकर मुझे अपना आशीर्वाद दिया है। 2014 के विधानसभा चुनाव में मैं आपके बीच यहां धुले आया था। मैंने आपसे महाराष्ट्र में भाजपा सरकार के लिए आग्रह किया था।

योगी के नारे 'बटेंगे तो कटेंगे' पर अजित ने उठाए सवाल

### महाराष्ट्र के लोगों को ये पसंद नहीं है



**मुंबई, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा दिए नारे 'बटेंगे तो कटेंगे' की चर्चा महाराष्ट्र-झारखंड विधानसभा चुनाव के साथ देश में अलग-अलग सीटों पर हो रहे उपचुनाव में भी जमकर हो रही है। इस बीच महाराष्ट्र में अब इसको लेकर सियासत तेज हो गई है। महायुति में शामिल एनसीपी प्रमुख अजित पवार को ये नारा पसंद नहीं आया। उन्होंने महाराष्ट्र में इसका विरोध किया। दरअसल, एक चुनावी रैली में सीएम योगी द्वारा इस नारे को दोहराने पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख अजित पवार ने कहा कि राज्य के लोग इस तरह की टिप्पणी पसंद नहीं करते। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश के लोगों ने हमेशा सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने का प्रयास किया है। योगी आदित्यनाथ की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर अजित पवार ने कहा, महाराष्ट्र छत्रपति शिवाजी महाराज, राजर्षि शाहू महाराज और महात्मा फुले का है।

झारखंड में भाजपा पर बरसे राहुल गांधी, कहा-

# हम संविधान बचाने के लिए लड़ रहे



**रांची, एजेंसी।** झारखंड के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर लोहरदगा और सिमडेगा में चुनावी सभा को संबोधित किया। श्री गांधी ने भाजपा के खिलाफ जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी संविधान को फाड़कर फेंकना चाहती है। श्री गांधी ने आज लोहरदगा की विशाल चुनावी जनसभा में कहा कि झारखंड प्रदेश जल, जंगल और जमीन की लड़ाई लड़ने से बना। खासकर आदिवासियों ने जब कहा कि यहां के जंगल, खनिज से होने वाला लाभ हमें मिलना चाहिए तब जाकर ये राज्य बना। उन्होंने कहा कि भाजपा संविधान को फाड़ कर फेंकना चाहती हैं लेकिन हम इसे बचाना चाहते हैं। इस मौके पर उन्होंने पांच गारंटी भी दी। श्री गांधी ने कहा कि भाजपा के लोग आपको वनवासी कहते हैं लेकिन संविधान में आपके लिए आदिवासी शब्द का प्रयोग किया गया है? आदिवासी ही इस देश के पहले मालिक है। वनवासी का मतलब होता है कि जंगल में रहने वाले लोग।यानी कि हिंदुस्तान को चलाने में आपका अधिकार नहीं होगा।

श्री गांधी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि आदिवासियों जल जंगल जमीन का फायदा ये अडानी और अंबानी को देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि देश में आदिवासी की आबादी 8 फीसदी है।

---

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा-

# शिक्षा की गुणवत्ता को निरंतर श्रेष्ठ बनाने के प्रयास किए जाएं



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नई शिक्षा नीति के तहत प्रदेश में विश्वविद्यालय अपने स्तर पर उच्च शिक्षा के जुड़े नवाचार करें। शिक्षा की गुणवत्ता को निरंतर श्रेष्ठ बनाने के प्रयास किए जाएं। पैरामेडिकल और नर्सिंग पाठ्यक्रम भी विश्वविद्यालयों द्वारा संचालित किए जाएं।

डॉ. यादव ने आज जारी बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सक्षम युवाओं का निर्माण सशक्त राष्ट्र के निर्माण के लिए सबसे बड़ी गारंटी मानते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की पहल से इस नीति में युवाओं को ज्ञानवान और अनेक विषयों में पारंगत बनाने की रणनीति बनाई गई है। इस नाते प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अनेक अभिनव प्रयास इस दिशा में किए गए हैं। प्रदेश में महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में जहां भारतीय ज्ञान परम्परा से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यशालाएं आयोजित की गईं, वहीं राज्य सरकार द्वारा भारतीय ज्ञान परम्परा शीर्ष समिति और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में टास्क फोर्स का गठन किया गया। डॉ. यादव ने बताया कि विद्यार्थियों को उनकी रूचि, दक्षता और क्षमता के अनुसार शिक्षा व्यवस्था करने के प्रसार सफल हो रहे हैं। उच्च शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने में प्रदेश अग्रणी है।

मुख्यमंत्री आज इंदौर में देंगे सौगातें

# लाड़ली बहनों को मिलेगी साढ़े 12 सौ रुपये की किश्त

- सिलेंडर रीफिल और पेंशन की राशि भी होगी अंतरित
- दिव्यांगों को लेपटॉप, मोटोराइज्ड ट्राईसिकल सहित अन्य सहायक उपकरण भी करेंगे वितरित

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 9 नवम्बर को इंदौर के नेहरू स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में लाड़ली बहना योजना, गैस रीफिल एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 2 करोड़ 10 लाख हितग्राहियों के खातें में 1961 करोड़ रूपये अंतरित करेंगे। इसमें 1 करोड़ 29 लाख लाड़ली बहनों के खातों में 1573 करोड़ रूपये, 26 लाख बहनों के खातों में सिलेंडर रीफिल की राशि 55 करोड़ रूपये और 55 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों के खातों में 333 करोड़ रूपये की राशि अंतरित की जायेगी। नेहरु स्टेडियम में 5 हजार से अधिक बालिकाओं के द्वारा तलवार चलाने के वर्ल्ड रेकार्ड बनाने का कार्यक्रम भी होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इंदौर के ढ़क्कन वाला कुँआ स्थित ग्रामीण हाट बाजार में आयोजित कार्यक्रम में इंदौर के 450 से अधिक दिव्यांगजनों को लेपटॉप, मोट्रेट ट्राईसिकल सहित अन्य सहायक उपकरण वितरित करेंगे।






# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### जनशिक्षा केन्द्र पथरोटा में विज्ञान, गणित, पर्यावरण विषय पर लगी प्रदर्शनी



**इटारसी, देशबन्धु।** जन शिक्षा केंद्र पथरौटा केसला में जिला शिक्षा केंद्र नर्मदापुरम के मार्गदर्शन में, जन शिक्षा केंद्र स्तरीय विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान विषय पर मॉडल तैयार कर प्रदर्शनी का आयोजन 8 नवंबर को जन शिक्षक शालीन दास एवं इम्तियाज खान पथरौटा ने कराया। प्रदर्शनी में मॉडल के साथ-साथ एकल गीत, लघु नाटिका आदि की प्रस्तुति भी बच्चों द्वारा दी गई। प्रदर्शनी में राजेश जायसवाल जिला परियोजना समन्वयक नर्मदापुरम, सहायक परियोजना समन्वयक किरकिट्टा, पथरौटा प्राचार्य अरविन्द देवलिया, जन शिक्षक शालीन दास, इम्तियाज खान तथा समस्त शालाओं के शिक्षक एवं विद्यार्थियों के साथ नजदीकी अशासकीय शालाओं के विद्यार्थी भी शामिल हुए। जिला परियोजना समन्वयक एवं प्राचार्य ने बच्चों को प्रोत्साहित किया गया एवं कार्यक्रम की प्रशंसा की।

### पोर्टर खोली में चाकू लेकर घूमता मिला जिलाबदर का आरोपी

**इटारसी, देशबन्धु।** पुलिस ने पोर्टर खोली से जिला बदर के एक आरोपी को चाकू लेकर घूमते पकड़ा है। उस पर आर्म्स एक्ट के साथ ही जिला बदर के आदेश का उल्लंघन करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हनुमान मंदिर के पास पोर्टर खोली से पुलिस ने 7 नवंबर की दोपहर में जिला बदर के आरोपी बालाजी उर्फ बाला पिता लछमन मराठा 30 वर्ष, निवासी मालवीयगंज को एक लोहे का चाकू लेकर घूमते गिरफ्तार किया है।

### कृषि उपज मंडी में व्यवस्था बढ़ाने विधायक ने लिखा मंडी बोर्ड को पत्र

**इटारसी, देशबन्धु।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं वर्तमान विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा ने मंडी बोर्ड को इटारसी कृषि उपज मंडी में कुछ सुविधाएं बढ़ाने के लिए पत्र लिखा है। इनमें शेड निर्माण सहित तौल कांटे बढ़ाने को कहा गया है। विधायक डॉ. शर्मा ने मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपरण बोर्ड के प्रबंध संचालक को एक पत्र लिखा है कि कृषि उपज मण्डी ए श्रेणी की मण्डी है जहां प्रतिदिन 35 से 45 हजार बोरे की आवक होती है। यहां कुछ व्यवस्थाएं करने से कृषक उपज की तुलाई और उनका भुगतान समय पर हो सकेगा। उन्होंने लिखा है कि इन दिनों कृषि उपज मंडी इटारसी में सभी तरह की उपज किसानों द्वारा बड़ी मात्रा में लाई जा रही है। किसानों को उपज बेचने में किसी भी तरह की परेशानी न हो इसके लिए मंडी में बेहतर व्यवस्थाएं की जानी चाहिए।

#### इन व्यवस्थाओं के लिए लिखा पत्र

- ट्राली शेड, जिसमें लगभग 150 ट्राली खड़ी हो सके।
- तौल के लिए दो नग हाई राइज कवर्ड शेड
- एक प्लेट कांटा/इलेक्ट्रिानिक वेब्रिज/तौल कांटा

### नपाध्यक्ष चौरे की दादी का निधन

**इटारसी, देशबन्धु।** नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे एवं नगर भाजपा महामंत्री राहुल चौरे की दादी, पूर्व अध्यक्ष रोटरी क्लब इटारसी अध्यक्ष रामनाथ चौरे की माताजी श्रीमती सुशीला बाई चौरे का 100 वर्ष की आयु में देहावसान हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा कल शनिवार को प्रात: 9 बजे उनके पैतृक निवास ग्राम पथरोटा से राजघाट होशंगाबाद के लिए निकाली जाएगी।



### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा आज

**बैतूल, देशबन्धु।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। गायत्री परिवार के प्रवक्ता रविशंकर पारखे ने बताया कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा आज 9 नवम्बर शनिवार को दोपहर 12 से 1 ?बजे तक होगी। गायत्री परिवार के जिला समन्वयक डॉ. कैलाश वर्मा एवं भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रभारी जी?आर चिल्हाटे ने सभी तहसील समन्वयको?, परीक्षा प्रभारियों व गायत्री परिवार के परिजनों से परीक्षा की विधिवत व्यवस्था करने का अनुरोध किया है। इस परीक्षा में कक्षा 5 से महाविद्यालय स्तर तक के छात्र-छात्राएं भाग ले रहे है।

### रोजगार मेला 20 को

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय, नर्मदापुरम द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए रोजगार मेला का आयोजन 20 नवम्बर को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सिवनीमालवा जिला नर्मदापुरम में किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने उक्त जानकारी देते हुए कहा है कि रोजगार के इच्छुक युवक एवं युवतियां पर अपना पंजीयन कर सकते है। रोजगार मेला में वर्धमान (बुदनी), ट्राइडेंट (बुदनी), नहर (मंडीदीप), ज़ील फौशन वेयर (धार), भास्कर प्राइवेट लिमिटेड (मंडीदीप), भारत फाइनेंशियल इनक्लूज़न, कौशल केंद्र जबलपुर, रिलायंस निप्पन लाईफ, प्रथम एजुकेशन भोपाल, भारतीय जीवन बीमा, नवकिसान बायोटेक, गोकलदास एक्सपोर्ट (भोपाल), एचडीएफसी लाईफ, एसबीआई लाईफ इंसोरेन्स, पुखराज, जिज्ञासा, एमआई सी/ऐक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास योजना आदि कंपनियां उपस्थित रहेंगी।

# अधिकारियों को लेकर केसला के गांवों में घूमे एसडीएम

## ग्रामीणों की समस्या सुनने लगायी चौपाल, बच्चों से भी की चर्चा





**इटारसी, देशबन्धु।** अनुविभागीय अधिकारीटी प्रतीक राव ने आज सभी विभागों के अधिकारियों के साथ वन विस्थापित ग्राम नया रतिबंदर, नया साकई भाग 3 एवं नया भाडभूड़ में भी चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी तथा निराकरण करने के निर्देश दिए। ग्राम नया रतीबंदर में प्राथमिक शाला का भी निरीक्षण किया तथा छोटे बच्चों से चर्चा कर बच्चों प्रोत्साहित किया।

अनुविभागीय अधिकारी टी प्रतीक राव ने सुबह 10 बजे से शाम 6 तक ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान साथ में अतिरिक्त तहसीलदार केसला शंकर सिंह रघुवंशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत केसला रंजीत तारम, विकासखंड शिक्षा अधिकारी आशा मौर्य सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। वकासखंड केसला के दूरस्थ ग्राम साधपुरा में समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ग्राम पंचायत भवन में आयोजित की गई। बैठक में ब्लॉक केसला के सभी अधिकारी उपस्थित हुए। अनुविभागीय अधिकारी इटारसी टी प्रतीक राव ने सभी विभागों की क्रमवार समीक्षा की तथा अधिकारियों को मौके पर त्वरित कार्य करने के निर्देश दिए।

बैठक में महिला बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिक, विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग, वन विभाग, सतपुड़ा रिजर्व टाइगर, कृषि विभाग, साहिकारिता विभाग, जनपद पंचायत, पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग सहित सभी विभागों की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक उपरांत अनुविभागीय अधिकारी ने ग्राम छीतापुरा में ग्राम चौपाल कर लोगों की समस्या सुनी तथा समस्या का निराकरण मौके पर ही किया।

# मान्यता के चुनावों के लिए पवारखेड़ा, नर्मदापुरम और बुदनी में प्रचार

**इटारसी, देशबन्धु।** वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ द्वारा मान्यता चुनावों को लेकर रेलवे कर्मचारियों से लगातार जनसंपर्क किया जा रहा है। इस कड़ी में आज संघ के नेताओं ने पवारखेड़ा, नर्मदापुरम, बुदनी में जाकर रेलकर्मियों से जनसंपर्क करके संघ के पक्ष में मतदान करने का अनुरोध किया है।

संघ के महामंत्री अशोक शर्मा, मंडल अध्यक्ष राजेश पांडे के मार्गदर्शन में आज मुख्य शाखा अध्यक्ष प्रीतम तिवारी, सचिव योगेश चौरे एवं मुख्यालय कार्यकारी सदस्य राजेश गौर के नेतृत्व में मुख्य शाखा इटारसी के पदाधिकारियों ने पवारखेड़ा, नर्मदापुरम, बुधनी का दौरा किया। पोस्टर, बैनर, पंपलेट लगाए और वितरित किए। मान्यता के चुनाव 4,5 और 6 दिसंबर को हैं। इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष सौरभ पांडे, संगठन सचिव विकास कश्यप, उपाध्यक्ष रविंद्र चौधरी, उपाध्यक्ष हरी अहिरवार, सहसचिव शमशेर, उपाध्यक्ष अजहर, दिनेश मौर्य उपस्थित रहे।

इस दौरान संघ के कर्मचारी नेता छोटे-छोटे डिपो, पार्सल ऑफिस, बुकिंग ऑफिस, इलेक्ट्रिकल ऑफिस में जाकर कर्मचारियों से मिले। पवारखेड़ा स्टेशन पर सैकड़ों ट्रैकमैन, प्वांइट्समैन ने समस्या बताई कि जब से पवारखेड़ा स्टेशन पर साइडिंग बनी है, कोर्ड लाइन प्रारंभ हुई है पॉइंट्स मैन साथियों से ही गार्ड की पेटी उठाई जा रही है, रेलवे के अधिकारियों द्वारा प्राइवेट कर्मचारी का पैसा पास कराकर पेटी उठाने का कार्य प्राइवेट कर्मचारियों को दिया है लेकिन वहां पर डिपो प्रभारी द्वारा अनियमितता की जा रही है, जो प्राइवेट कर्मचारी हैं, उनको अन्यत्र स्थान पर कार्य कराया जा



रहा है और गाड्र्स की पेटी प्वाइंट्स से उठवाई जा रही है जिससे पॉइंटमेंट कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ एक तरफ ओल्ड पेंशन स्कीम की मांग कर रहा है, दूसरी तरफयह भी मांग कर रहा है कि पवारखेड़ा स्टेशन पर जो पेटी उठाने के लिए कांटेक्ट दिया है उसकी विजिलेंस जांच की जाए। मुख्य शाखा के अध्यक्ष प्रीतम तिवारी ने मांग की है कि इस ज्वलंत मुद्दे पर कार्रवाई की जानी चाहिए। वेस्ट सेंट्रल मजदूर संघ के महामंत्री अशोक शर्मा, मंडल अध्यक्ष राजेश पांडे ने वरिष्ठ अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया एवं जांच की मांग की है।

# जीआरपी ने भटके हुए दो बालकों की ट्रेन में तलाश कर मां से मिलवाया

**इटारसी, देशबन्धु।** जीआरपी थाना इटारसी की टीम ने भटके हुए दो बालकों की ट्रेन में तलाश कर उनकी मां को सौंपा है। उनकी मां भी इन बच्चों की तलाश में भटक रही थी। जीआरपी द्वारा क्षेत्रांतर्गत ट्रेनों में यात्रा करने वाली अकेली महिला यात्रियों, वृद्धजनों एवं नाबालिक बालक-बालिकाओं की सुरक्षापूर्वक यात्रा हेतु एमपी जीआरपी हेल्प एप का प्रचार प्रसार कर लगातार ट्रेनों में महिला संवाद एवं आपातकालीन स्थिति में स्ह्रस् बटन दबा कर जीआरपी कंट्रोल रूमों के माध्यम से तत्काल मदद पहुंचाने की व्यवस्था पर कार्य करने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रेल भोपाल राहुल कुमार लोढ़ा (आईपीएस) द्वारा दिये जा रहे निर्देशों के पालन में थाना प्रभारी जीआरपी इटारसी निरीक्षक रामस्नेह चौहान द्वारा लगातार थाना जीआरपी स्टाफ को दिशा निर्देश दे कर अपने नेतृत्व में टीम का गठन किया जा कर लगातार चेकिंग करवायी जा रही है। इसी तारतम्य में जीआरपी कन्ट्रोल रूम भोपाल से जरिये दूरभाष सूचना मिली थी कि ट्रेन नं.12321 हावड़ा मेल एक्सप्रेस के कोच एस-4 में नाबालिक बच्चे भटक कर आ रहे है, कि सूचना पर से तलाश हेतु एएसआई माखनलाल, प्रधान आरक्षक गंगाराम, आरक्षक सतीश मौर्य को जरिये



दूरभाष पाबंद किया था। टीम ने ट्रेन आने पर भटके हुये बालकों को फोटो हुलिये के आधार पर कोच में तलाश किया जो कोच 8-4 की जगह 5-6 में मिले, जिन्हें उतार कर थाना लेकर आए। नाम पता पूछा और परिजन का मोबाइल नं लेकर बहन को सूचना दी। परिजनों के आने तक बच्चों को सुरक्षार्थ थाना में सकुशल रखकर भोजन आदि कराया गया।। बच्चों की माता 7 नवंबर थाना आई। दोनों नाबालिग बच्चों को उनकी माता निर्मला के सुपुर्द स्वस्थ एवं सकुशल सुपुर्द कर घर ले जाने हेतु रवाना किया।

उक्त कार्य में जीआरपी इटारसी से निरीक्षक रामस्नेह चौहान, उपनिरीक्षक आरएस बकोरिया, एएसआई माखनलाल, वेदप्रकाश, प्रधान आरक्षक गंगाराम, कैलाश, आर 543 सतीश, आरक्षक अमित कौशिक एवं नौशाद मलिक की सराहनीय भूमिका रही।

# शाहपुर में ग्रामीणों के साथ वनकर्मियों की कथित बर्बरता पर जयस का विरोध

## दोषियों पर कार्रवाई की मांग

**बैतूल, देशबन्धु।** शाहपुर क्षेत्र में वन विभाग के रेंजर और कर्मचारियों द्वारा ग्रामीणों पर अतिक्रमणकारी और शिकारी होने का आरोप लगाकर मारपीट और लूटपाट की घटना की जयस संगठन ने निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ तुरंत और कड़ी कार्रवाई की मांग की है।



जयस ने आरोप लगाया कि शाहपुर वन विभाग के रेंजर एमएस राणा और वनकर्मियों नितेश देवडे, महेश काकोडिया, पवन भलावी, पीर सहाब सहित अन्य कर्मचारियों ने ग्राम सेल्दा के ग्रामीणों के साथ बर्बरता की। आरोप है कि रेंजर और वनकर्मियों ने बजारी अखण्डे, कलराम बारस्कर, चिरोंजी काकोडिया, लखन काजले, शेरसिंग अखण्डे, सुनीता मर्सकोले, हेमलता तेकाम, इमरती बाई, सरपंच मिश्रीलाल कास्दे, पतीराम मर्सकोले, शिवबती धुर्वे, और सरिता अखण्डे को अतिक्रमणकारी करार देकर उनकी 6 से 7 झोपड़ियां तोड़ दीं। झोपड़ियों के पास बैठे ग्रामीणों को वनकर्मियों ने जबरन उठाकर लात-घूंसों से पीटा और उन्हें दूर ले जाकर फिर से बुरी तरह मारा। इस मारपीट में जाकाढाना निवासी सुभाष सम्भुलाल, रतिया बाई बीजादेही, किशोरी फगना, फूलचंद अंखडे बीजादेही, सरस्वती लखनलाल सीताडोंगरी, सुशीला तारा सिंह बीजादेहीं, फुलवंती कुन्दनलाल छिन्दीखापा, सुनीता मेलराम बीजादेही, सोमी दरियाव रतनढाना, रामजी मशु रतनढाना, शांति गुलाब सीताडोंगरी, शिवदयाल प्रेमसिंह सीताडोंगरी, छतन मंगल इवने सीताडोंगरी, कालू बिहरी बारस्कर सीताडोंगरी, रामजी मंसु धुर्वे रतनढाना, प्यारेलाल मैंगल सीताडोंगरी, जीवन नंदू खपरिया, नीलेश फूलचंद खपरिया, राजेश मुन्जी महेश, रूपचंद अखण्डे सीताडोंगरी, रमेश परसराम कलमे खपरिया, रामप्रसाद मल्लु काजले जाकाढाना, मुन्नी पतिराम काजले जाकाढाना, गोविंद गोपाल अखण्डे जाकाढाना, जयनारायण मुंशी अखण्डे जाकाढाना घायल हुए हैं। जयस ने दोषियों के खिलाफ शीघ्र और कठोर कार्रवाई की मांग की है। जयस संगठन ने प्रशासन से तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करने का अनुरोध किया है, ताकि ग्रामीणों को न्याय मिल सके और भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो वे इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे।

# प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना - युवाओं को शीर्ष 500 कंपनियों में इंटर्नलशिप करने का अवसर मिलेगा

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री इंटर्नलशिप एक महत्वाकांक्षी योजना है, वर्ष 2024 -25 के लिए इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लिया गया है। शीर्ष 500 कंपनियों में प्रधानमंत्री इंटर्नल शिप योजना की घोषणा की गई है। इसका उद्देश्य 5 वर्ष में देश की शीर्ष 500 कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नल शिप के अवसर प्रदान करना है। इस योजना के माध्यम से युवाओं को 12 महीने के लिए वास्तविक जीवन के कारोबारी माहौल, विभिन्न व्यवसायों और रोजगार के अवसरों का अनुभव मिलेगा। प्रधानमंत्री इंटर्नल शिप योजना कौशल विकास प्रशिक्षण इंटर्नशिप और छात्र प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि मौजूद योजनाओं से अलग योजना है। जो भारत के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में क्रियान्वित की जा रही है और ऐसी सभी योजनाओं में स्वतंत्र रूप से संचालित होगी। प्रधानमंत्री इंटर्नलशिप योजना की अवधि 12 महीने होगी। इस अवधि में युवा कम से कम आधा हिस्सा वास्तविक कार्य अनुभव नौकरी के माहौल में बिताएंगे। इस योजना में इंटर्नल को मासिक रूप से 5000 की सहायता राशि दी जाएगी तथा कंपनी की नीति के अनुरूप हर माह 500 दिए जाएंगे। इंटर्नलशिप स्थल पर इंटर्नल के कार्यभार ग्रहण करने पर प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से सरकार द्वारा प्रत्येक इंटर्नल को आकस्मिक व्यय के लिए 26000 का एक मुश्त अनुदान वितरित किया जाएगा। इंटर्ननल के प्रशिक्षण की व्यवस्था कंपनी करेगी। इसके अलावा प्रत्येक इंटर्नल का भारत सरकार की बीमा योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत प्रत्येक व्यक्तिगत इंटर्नल को बीमा कवरेज प्रदान किया जाएगा। इसके लिए प्रीमियम राशि सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी। इसके अलावा कंपनी इंटर्नल को अतिरिक्त दुर्घटना बीमा कवरेज भी प्रदान कर सकती है। आवेदक को ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन करना होगा। आवेदक की आयु 21 से 24 वर्ष के बीच होनी चाहिए। साथ ही वह पूर्णकालिक रोजगार में नहीं होना चाहिए। पूर्णकालिक शिक्षण में भी नहीं होना चाहिए। ऐसे युवा आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी, बीए, बीएससी, बीबीए, बीसीए, बी फार्मा आईटीआई का प्रमाण पत्र मान्य होंगे।

# सनफ्लावर स्कूल में अलंकरण समारोह का आयोजन

**हरदा, देशबन्धु।** शिक्षण विकास समिति के अंतर्गत संचालित विद्यालय सन फ्लावर स्कूल में शुक्रवार को अलंकरण समारोह (इंवेस्टीचर सेरेमनी) का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया।

विद्यालय प्रांगण में समिति के अध्यक्ष रवि शंकर अग्रवाल, उपाध्यक्ष संजय जैन, सचिव सुरेश चन्द्र अग्रवाल, एवं कार्यकारिणी सदस्य लखनलाल अग्रवाल द्वारा बच्चों को शपथ ग्रहण कराई गई। इसके उपरांत सभी छात्र परिषद के छात्रों को बैच और सेशे पहनाकर सम्मानित किया गया। तदोपरांत सनफ्लावर स्कूल के एन. सी.सी. ग्रुप के बच्चों ने पधारे हुए अतिथिगण को सलामी देकर खूबसूरत परेड का प्रदर्शन किया। सनफ्लावर के हेड ब्वाय के रुप में कक्षा 12वीं के लक्ष्य भाटिया, हेड गर्ल श्रेया पाटनकर चयनित किए गए। साथ ही विद्यालय के चारो हाउस नर्मदा, बेतवा, तापती और क्षिप्रा के कैप्टन क्रमश: सक्षम शर्मा कक्षा दसवी, खुशबू जाट कक्षा ग्यारहवीं, उदित बोरखेड़े कक्षा ग्यारहवीं एवं प्रंशू तेजवानी कक्षा ग्यारहवीं का हाउस हेड के रूप में चयनित किए गए इसके अलावा अन्य कार्यकारिणी छात्रों का भी सम्मान किया गया।





समिती के सचिव सुरेश चन्द्र अग्रवाल ने अपने विचार रखते हुए सभी चयनित छात्र परिषद के सदस्यों को बधाई दी। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती वर्षा त्रिपाठी ने अपने स्वागत उद्बोधन में सभी का आभार व्यक्त किया और चयनित छात्र परिषद को उनकी इस नवीन जिम्मेदारियों को निभाने हेतु ढेरों शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम के अंत में स्कूल हेड ब्वाय लक्ष्य भटिया ने अपने विचार रखे एवं हेड गर्ल कु. श्रेया पाटनकर ने धन्यवाद उद्बोधन दिया। साथ ही बच्चों ने स्वागत गीत, सरस्वती वंदना एवं रंगारंग कार्यक्रमों की बेहतरीन प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका श्रीमती शक्ति राजवैद्य एवं शिक्षक आभास कौशिक के मार्गदर्शन में विद्यार्थी स्मिता गौर कक्षा दसवीं एवं दीपक धमनानी बारहवीं ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के उप-प्राचार्य राजेश जोशी सहित समस्त शिक्षकगण एवं छात्र उपस्थित रहे।

# श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर में हुआ अन्नकूट का आयोजन, उमड़ा जनसैलाब

## • विधायक एवं नपाध्यक्ष ने किया गिरिराज का पूजन

**इटारसी, देशबन्धु।** श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर में छठ पर्व के मौके पर अन्नकूट का आयोजन किया गया। अन्नकूट महोत्सव में हजारों भक्तों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा और नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे ने भगवान गिरिराज का पूजन किया। अन्नकूट महोत्सव में 8 हजार से अधिक भक्तों ने गिरिराज जी के समक्ष लगी 56 भोग एवं भोजन प्रसादी प्राप्त की। अन्नकूट महोत्सव की मुख्य यजमान श्रीमती सीमा भदौरिया रही।

मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रमोद पगारे ने बताया कि विधायक डॉ सीतासरन शर्मा के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में ही चार दशक से भी अधिक समय से मंदिर समिति द्वारा अन्नकूट आयोजित किया जा रहा है। विधायक डॉ शर्मा के ही प्रयासों और परिश्रम का फल है कि मंदिर से लगा हुआ क्षेत्र जो पहले कभी अपराध और अपराधियों का अड्डा हुआ करता था, वहां अब इस तरह के धार्मिक, सामाजिक एवं सार्वजनिक आयोजन





होते रहते हैं। नपाध्यक्ष पंकज चौरे के द्वारा नागरिकों की सुविधा के लिए नपा के कचरा वाहन एवं पानी के टैंकरों की व्यवस्था की गई। आयोजन के मुख्य पुजारी पं मुरारी लाल उपाध्याय ने पं हेमंत तिवारी, पं दीपक मिश्रा, पं सत्येंद्र पांडे, पं अतुल मिश्रा, पं पीयूष पांडे के सहयोग से विधिवत संगीतमय पूजन कराया। अतिथि विधायक डॉ शर्मा का पं रामगोपाल त्रिपाठी, नगर पुरोहित संदीप दुबे, पं शरद परसाई, पं नीलेश दुबे, पं अमन द्विवेदी ने नपाध्यक्ष पंकज चौरे का स्वागत किया। इस अवसर पर गोवर्धन जी की गोबर से आकर्षक छवि बनाई गई, जिनके समक्ष 56 प्रकार के भोग लगाए जिन्हें अन्नकूट में नागरिकों को प्रसादी के रूप में वितरित किया । उल्लेखनीय है कि श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर समिति द्वारा आयोजित किया जाने वाला नगर अन्नकूट जिले का सबसे बड़ा अन्नकूट महोत्सव है। भोजन वितरण में करणी सेना की महिला शक्ति ने सहयोग किया साथ ही थाना प्रभारी गौरव बुंदेला भी दल- बल के साथ सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था संभाले रहे। इस अवसर पर मंदिर समिति के सचिव जितेंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष दीपक जैन, संरक्षक दीप अरोरा, शेखर पगारे, उपाध्यक्ष देवेंद्र पटेल, अमित सेठ, संगठन सचिव भूपेंद्र विश्वकर्मा, घनश्याम तिवारी, सह सचिव प्रवीण अग्रवाल, सुनील दुबे, महेंद्र पचौरी, ओमप्रकाश कैथवास सहित सदस्य रमेश के साहू, मांगीलाल केवट, सुरेंद्र राजपूत, नैतिक अग्रवाल, वंश अरोरा, गोपाल नामदेव, उदित दुबे, मयंक कलोसिया, आशीष सेन, गोलू मालवीय सहित बड़ी संख्या में नागरिक एवं सहयोगी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### रोगी कल्याण समिति की बैठक 12 को

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** रोगी कल्याण (कार्यकारिणी) समिति जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम की बैठक कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षा में 12 नवम्बर मंगलवार को सायं 3.30 बजे से कलेक्टर कार्यलय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गये है।

### जिला चिकित्सालय में अज्ञात वाहन ने तोड़ा नेट का बायर



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिला चिकित्सालय परिसर में नेट कनेक्शन के लिए लगे तार को कल शाम अज्ञात वाहन ने तोड़ दिया। जिसके चलते जिला चिकित्सालय में पदस्थ कर्मचारियों को बिना नेट कनेक्शन के काम करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मरीजो को डॉक्टरों को दिखाने से पहले पर्ची बनवानी पड़ती है। इसके बाद ही डॉक्टर ट्रीटमेंट करते है। आलम यह है कि नेट बंद होने के चलते अस्पताल इलाज कराने पहुंचे मरीजों को पर्ची बनवाने के लिए लंबी लाइन लगाकर इंतजार करना पड़ रहा है। पर्ची बनाने वाले कर्मचारी मोबाइल के नेट का उपयोग कर मरीज को पर्ची बनाकर दे रहे हैं।

### टास्क फोर्स की बैठक आज

**हरदा, देशबन्धु।** वन एवं खनिज विभाग से संबंधित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। यह बैठक कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में अपरान्ह 4 बजे से होगी। इस बैठक के साथ जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक भी आयोजित होगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक, वनमण्डलाधिकारी, सभी एसडीएम व तहसीलदार भी मौजूद रहेंगे।

### निवेशकों के लिये औद्योगिक सम्मेलन 12 को

**हरदा, देशबन्धु।** नवीन औद्योगिक क्षेत्र के विकास की संभावनों को ध्यान में रखते हुए निवेशकों के लिये औद्योगिक सम्मेलन एवं स्वरोजगार योजनाओं के तहत लाभ वितरण सह किसान संगोष्ठी कार्यक्रम 12 नवम्बर को आयोजित होगा। प्रभारी महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र सचिन रोमड़े ने बताया कि यह कार्यक्रम होटल हवेली गार्डन में प्रात: 10 बजे से आयोजित होगा। उन्होने इस कार्यक्रम में शामिल होने के इच्छुक निवेशकों से अपनी प्रोजेक्ट रिपोर्ट सहित कार्यक्रम में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

### दूरस्थ वन ग्राम कायदा में आज लगेगा जनसमस्या निवारण शिविर

**हरदा, देशबन्धु।** जिले के वनग्रामों में निवासरत ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने, ग्रामीणों की समस्याओं की सुनवाई कर निराकरण करने व योजनाओं की जानकारी उन्हें देने के उद्देश्य से कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में अगला शिविर 9 नवम्बर को टिमरनी विकासखण्ड के वनग्राम कायदा में आयोजित किया जाएगा, जिसमें कायदा, कुमरूम, बोरपानी, डेहरिया, जड़कउ, मालेगांव व दिदम्दा के ग्रामीणजनो की समस्याएं सुनी जायेंगी। यह शिविर प्रात: 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जायेगा। कलेक्टर ने सभी जिला व खण्ड स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि इस शिविर के व्यापक प्रचार-प्रसार की व्यवस्था करें तथा शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधि व जनपद पंचायत पदाधिकारियों को भी आमंत्रित करें।

### मुख्यमंत्री आज लाड़ली बहना योजना की किशत जारी करेंगे

**हरदा, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश की कुल 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों के खाते में 1574 करोड़ रूपये अंतरित करेंगे। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग संजय त्रिपाठी ने बताया कि लाड़ली बहना योजना के तहत लाभार्थी महिलाओं के खाते में अब तक कुल 17 किश्तों का अंतरण किया जा चुका है। इसके अलावा माह अगस्त 2023 एवं 2024 में कुल 2 बार लाभार्थी महिलाओं को 250 रूपये की राशि की विशेष आर्थिक सहायता का भी अंतरण किया गया। योजना के प्रारंभ में पात्र हितग्राहियों को 1000 रूपये प्रतिमाह की राशि का भुगतान किया गया। अक्टूबर 2023 से मासिक आर्थिक सहायता की राशि में 250 रूपये प्रतिमाह की वृद्धि की गई।

# नगरपालिका करेगी 81 लाख की लागत से तालाब का उन्नयन

### गहरीकरण के साथ पाथवे बनेगा

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नगर का एकमात्र प्राचीन तालाब का उन्नयन कार्य नगरपालिका द्वारा 81 लाख रुपए लागत से होगा। शुक्रवार को सांसद दर्शनसिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, विधायक डॉ सीताशरण शर्मा, नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव सहित पार्षदों द्वारा भूमि पूजन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद दर्शनसिंह चौधरी ने कहा कि समूचे प्रदेश में मेरा दौरा रहता है लेकिन आंख बंद करके भी सोचा जाए तो हमारे नर्मदापुरम जैसा शांति पूर्ण और खूबसूरत जिला पूरे मप्र में कोई भी नहीं है। आप इस तालाब के भूमि पूजन में आए हैं। यह एक अच्छा कार्य हो रहा है इस कार्य में सभी सहयोग करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा विश्व खड़ा है। उन्होंने प्राचीन समय की बात करते हुए कहा कि जिस गांव में तालाब होता था वह गांव सबसे धनवान होता था। ईश्वर के व्यवस्था में सहयोग करोगे तो लंबा चलोगे। उन्होंने आव्हान किया कि इस कार्य में आप श्रमदान करें। आपके श्रमदान से इस कार्य की प्रसिद्धी भी हो जाएगी और सिद्धी भी हो जाएगी।

राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने कहा कि मेरे नपाध्यक्ष रहते हुए इस फेफरताल तालाब का जीर्णोद्वार किया गया था। उसी कार्य को आगे बढ़ाते हुए नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा तालाब का उन्नयन कराया जा रहा है जो तारीफ ए काबिल है। विधायक डॉ सीताशरण शर्मा ने कहा कि शहर में ऐसी जगह भी होना चाहिए जहां शहरवासी बैठ सकें मेहमान आए तो घुमाने ले जा सकें। अभी मां नर्मदा के घाटों पर घुमाने ले जाते हैं। नर्मदा लोक को लेकर अभी बैठक हुई है उसके कार्यों के जल्द ही टेंडर होंगे। उन्होंने नपाध्यक्ष श्रीमती यादव को धन्यवाद देते हुए कहा कि हमने जो तालाब उन्नयन की रूपरेखा बनाई थी उसकी शुरूआत उन्होंने कर दी गई है। सभी लोग इस कार्य में सहयोग करें।

नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा बताई गई। उन्होंने कहा कि नगर का एकमात्र यह तालाब है। 81 लाख की लागत से फेफरताल तालाब का उन्नयन कार्य का भूमि पूजन तथा 60 लोगों को पट्टा वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि पट्टा मिलने के बाद आप प्रधानमंत्री आवास योजना लाभ लेने में सक्षम होंगे। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी के आदेशानुसार नगरपालिका द्वारा 70 की आयु पार चुके लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। सभी इसका लाभ लें। इससे पूर्व सीएमओ हेमेश्वरी पटले द्वाराअतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष रोहित गौर द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को पट्टे भी वितरित किए गए। वार्ड 23 के पार्षद चंद्रमोहन परिहार और वार्ड 21 के पार्षद दुर्गेश चौधरी के वार्ड में हुए इस कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले, उपयंत्री प्रतिमा बेलिया, कार्यालय अधीक्षक डॉ प्रशांत जैन, पार्षदगण नरेंद्र पटेल, प्रेमा पंकज पांडे, संध्या अशोक कुशराम, प्रकाश नारायण गौर, संतोष उपाध्याय, अतुल भंडारी, आरती लक्ष्मण बैस, शिल्पा तेजकुमार गौर, पूर्व पार्षद अजय रतनानी, नंदकिशोर यादव, अशोक कुशराम, मुकेश नागर, माखन मीना, संतोष मीना, प्रमोद गौर सहित अनेक गणमान्य नागरिक, नपा के अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

अवैध शराब एवं देह व्यापार जैसी शिकायत पर

# बांद्राभान में अवैध अतिक्रमण को हटाया



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** तहसीलदार ग्रामीण दिव्यांशु नामदेव के नेतृत्व में शुक्रवार को राजस्व अमले एवं पुलिस बल ने संयुक्त प्रभावशील कार्रवाई करते हुए बांद्रा भान में हाईवे से लगे अवैध झोपड़ी नुमानी टपरे का अतिक्रमण हटाया। उल्लेखनीय है कि यहां पर विगत कुछ दिनों से अवैध शराब बिक्री होने, शराबियों का जमघट लगने एवं असामाजिक तत्वों के द्वारा डेरा जमाए जाने तथा देह व्यापार जैसी अनैतिक गतिविधियों की सूचना प्राप्त हो रही थी। सूचना को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार दिव्यांशु नामदेव एवं उनके राजस्व अमले तथा पुलिस बल ने आज संयुक्त रूप से बांद्राभान पहुंचकर टपड़े नुमा झोपड़ी जो अवैध अतिक्रमण करके बनाई गई थी उसे हटाया। इस दौरान आसपास के लोगों ने सहयोग किया। राजस्व विभाग के अमले एवं पुलिस बल ने लोगों को हिदायत दी की वे दुबारा आसपास अवैध अतिक्रमण न करें अन्यथा प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

# खो-खो व हेण्डबॉल की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारम्भ





**हरदा, देशबन्धु।** हरदा में 12 नवम्बर तक 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक बालिकाओं की राज्य स्तरीय हेण्डबॉल प्रतियोगिता तथा 17 वर्ष आयु वर्ग के बालक बालिकाओं की राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी 10 संभागों के विद्यार्थियों की टीमें शामिल हो रही हैं। प्रतियोगिता का शुभारम्भ शुक्रवार को स्थानीय नेहरू स्टेडियम में विधायक डॉ. आर.के. दोगने ने किया। इस अवसर पर विधायक डॉ. दोगने ने सभी खिलाड़ियों से कहा कि खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में शामिल हों। उन्होने कहा कि प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन प्रस्तुत करें। उन्होने कहा कि मेहनत कभी बेकार नहीं जाती। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री शाह ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रतियोगिता में अच्छी तरह खेल कर अपने संभाग का नाम रौशन करें। जिला भाजपा अध्यक्ष श्री वर्मा ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेलों में युवाओं का भविष्य उज्जवल है। अत: पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थी खेलों पर भी ध्यान दें। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये तथा खिलाड़ियों के संभागवार दलों की परेड आयोजित की गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा, कलेक्टर आदित्य सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे, जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# पचमढी महोत्सव में सभी एसोसियेशन सहभागिता निभाएं - कलेक्टर



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नर्मदापुरम जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगातार विभिन्न गतिविधियों को बढावा दिया जा रहा है। पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा हर वर्ष दिसंबर माह में 4 दिवसीय पचमढी उत्सव का आयोजन किया जाता है। इसी तारतम्य में पचमढ़ी उत्सव की तैयारियों को लेकर कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना की अध्यक्षता में पचमढ़ी में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर ने सभी एसोसियेशन से पचमढी महोत्सव को भव्य रूप देने के लिए अपनी सहभागिता निभाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया की पचमढी महोत्सव में पर्यटकों को आर्कर्षित करने के लिए हर सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। पचमढी उत्सव के आयोजन के लिए एक समिति की गठन किया जाएगा। उत्सव में संस्कृतिक विभाग द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। कलेक्टर ने कहा कि सभी अपने कार्यो का प्रदर्शन करें। बैठक के दौरान कलेक्टर द्वारा सभी का परिचय लिया गया एवं उनके सुझावों को सुना गया। कलेक्टर ने कहा कि सभी अपने अपने कार्यो को सोशल मीडिया पर डालकर अपनी अपनी खूबियों को बताएं ओर पर्यटकों को लाभ दिलाये।

जिला पंचायत के सीईओ श्री सौजान सिंह रावत ने संबंधित विभाग के अधिकरियों को निर्देश दिए कि सभी अपने कार्यो का प्रदर्शन करें एवं कार्यक्रम को सफल बनाएं। उन्होने बताया कि पचमढी महोत्सव के आयोजन से व्यापार और व्यवसाय को बढावा मिलेगा। बताया गया कि सभी संस्थाएं पचमढी महोत्सव का फ्लेक्स लगाकर सैल्फी पाईन्ट बनाएंगे। बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ गुरूकरन सिंह, एसडीएम पिपरिया अनीषा श्रीवास्तव, साढा पचमढी के सीईओ नीरज श्रीवास्तव, पीओ योगेन्द्र राय, जिला पर्यटन प्रबंधक मनोज सिंह ठाकुर, तहसीलदार वैभव बैरागी, उप संचालक कृषि जे.आर. हेडाऊ उपस्थित रहें।

# ईश्वर भक्ति, सत्कर्मों से जीवन होगा सफल - आचार्य नारायण





हरदा नार्मदीय ब्राह्मण धर्मशाला में शुक्रवार को भागवत कथा के दूसरे दिन कथावाचक आचार्य नारायण साकल्ले ने गौकर्ण एवं धुंधकारी की कथा विस्तार से समझाई।उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने पालनहार का सम्मान करना चाहिए,वहीं सदैव सत्कर्म करना चाहिए। धुंधकारी को अपने कुकर्मों के कारण प्रेत योनि मिली, उसे गया जी में श्राद्ध करने के बाद भी मुक्ति नहीं मिली। वहीं उसे भागवत कथा से ही मुक्ति मिली। इस दौरान उन्होंने गीत चल वृंदावन धाम,जपे जा राधे राधे एवं सूनी है गोकुल नगरिया गाकर वातावरण भक्तिमय कर दिया।भजन की संगीतमय प्रस्तुति के दौरान श्रद्धालु जमकर थिरके।भागवत कथा में आज परीक्षित की कथा,शुकदेव की जन्म कथा होगी। आयोजक दीपक शुक्ला ने बताया कि प्रतिदिन दोपहर 1 से कथा शुरू होगी,कथा 13 नवंबर तक चलेगी।

# नई शिक्षा नीति अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन



**हरदा, देशबन्धु।** हरदा डिग्री कॉलेज द्वारा नई शिक्षा नीति के अंतर्गत जीव विज्ञान के विद्याथियों के लिए रोजगार उन्मुखी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में एलोवेरा द्वारा निर्मित हर्बल साबुन एवं शैम्पू का सफलतापूर्वक निर्माण किया गया। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक आनंद वर्मा माइक्रोबायोलॉजी विभाग एवं नरेन्द्र खोरे रसायन विभाग द्वारा छात्र-छात्राओं को एलोवेरा की मदद से केमिकल फ्री हर्बल साबुन व शैम्पू निर्माण प्रकिया को विस्तारपूर्वक समझाकर सफल निर्माण किया। यह उत्पाद 100 प्रतिशत नेचुरल एवं केमिकल फ्री है। वर्तमान समय में स्किन व बालों को सिंथेटिक साबुन एवं शैम्पू से बचाने के लिए हर्बल साबुन, शैम्पू एक बहुत ही अच्छा विकल्प है। प्राकृतिक रूप से एलोवेरा स्किन पीएच को मेंटेन करके एंटीऑक्सीडेंट गुण प्रदान करता है। साथ ही बालों को अच्छी चमक देकर उनकी ग्रोथ को बढ़ाता है। इस सफल कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए महाविद्यालय के डारेक्टर डॉ गिरिश सिंहल, डॉ अभिलाषा सिंहल, उपप्राचार्य गणेश श्रीवास्तव, विभागाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह परिहार,एवं समस्त स्टाफ ने बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की।

### न्यायोत्सव- श्रमिक बस्तियों में विधिक जागरूकता शिविर संपन्न

**हरदा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरदा द्वारा इन दिनों न्यायोत्सव विधिक सेवा जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को श्रमिक बस्ती विकास नगर, हरदा एवं श्रीनगर कॉलोनी में पैरालीगल वॉलेंटियर के सहयोग से ग्रामीणजन को विधिक सेवा संस्था की कार्य प्रणाली एवं विभागीय योजनाओं का लाभ उठाने के संबंध में जानकारी देने के लिये विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर ने उपस्थित नागरिकों को विधिक सहायता योजना एवं नालसा टोल फ्री नंबर 15100 की जानकारी दी गई। शिविर के बाद उपस्थित बच्चों को बिस्कुट, टॉफी व गर्म कपड़ों का वितरण भी किया गया। शिविर में सुश्री अपर्णा लोधी जिला विधिक सहायता अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पैरालीगल वॉलेंटियर्स श्रीमती ज्योति राजपूत, श्रीमती शैफाली घावरे, कु. वंदना मालविया और सुश्री प्रिया कनाडे, श्रीमीत सुरेन्द्र कौर, श्रीमती कंचन लोनिया आदि उपस्थित थी।

मैराथन दौड़ आज- विधिक सेवा दिवस के अवसर पर 9 नवंबरको शासन के अन्य विभागों के समन्वय से विधिक जागरूकता के लिये मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया है। जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोपेश गर्ग ने बताया कि मैराथन का शुभारम्भ प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदा द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया जाएगा। यह मैराथन दौड़ प्रात: 7:30 बजे जिला न्यायालय परिसर से प्रारम्भ होकर नारायण टॉकीज, पुरोहित मिष्ठान चौराहा, परशुराम चौक, पावनी डेयरी होते हुए अम्बेडकर चौक से वापस जिला न्यायालय परिसर में सम्पन्न होगी।

# अंतिम छोर के किसानों के खेतों तक नहरों से पानी पहुँचाने की व्यवस्था करें- कलेक्टर

**हरदा, देशबन्धु।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने शुक्रवार को जल संसाधन विभाग व विद्युत वितरण कम्पनी के अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें निर्देश दिये कि नहरों के माध्यम से ऐलान क्षेत्र के अंतिम छोर पर स्थित किसान के खेत तक सिंचाई के लिये पानी पहुँचाने की व्यवस्था करें। इसके लिये ओसराबंदी कार्यक्रम तैयार कर उसका प्रचार-प्रसार कर किसानों को इसके बारे में जानकारी दें। कलेक्टर श्री सिंह ने विद्युत वितरण कम्पनी के अधिकारियों को निर्देश दिये कि नहरों के आसपास के किसानों के विद्युत कनेक्शन की जांच करें तथा अवैध विद्युत कनेक्शन विच्छेद की कार्यवाही की जाए। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिये कि यह सुनिश्चित किया जाए कि जिन किसानों को नहर से पानी लिफ्ट करने के लिये जल संसाधन विभाग ने अनुमति दी है, वे विधिवत विद्युत कनेक्शन लेकर ही पम्प का संचालन करें। बैठक में कार्यपालन यंत्री डी.के. सिंह ने बताया कि सिंचाई व्यवस्था के लिये जल संसाधन संभाग व उप संभाग स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है तथा विभागीय अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी नहरों से सिंचाई कार्य की मॉनिटरिंग के लिये लगाई जा चुकी है। बैठक में जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री डी.के. सिंह व सुश्री सोनम वाजपेयी सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

### बान्द्राभान मेला- वाहन किराया निर्धारित

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** इस वर्ष भी बान्द्राभान मेले का आयोजन 13 से 16 नवम्बर तक माँ नर्मदा एवं तवा संगम स्थल पर किया जाएगा। मेले वाहन किराया निर्धारित किया गया है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी नर्मदापुरम निशा चौहान ने बताया है कि मध्यप्रदेश शासन परिवहन विभाग द्वारा नगर वाहनों को छोड़कर सामान्य प्रक्रम वाहनों के लिए प्रथम 5 किलोमीटर के लिए न्यूनतम किराया 7 रूपए एवं उसके पश्चात प्रति यात्री प्रति किलोमीटर या उसके भागांश के लिए 1.25 प्रति यात्री प्रति किलोमीटर निर्धारित किया गया है। इसके अनुसार नर्मदापुरम से बांद्राभान के लिए प्रति यात्री 9.50 रूपए, इटारसी से बांद्राभान 32 रूपए, माखननगर से 38.25 रूपए, सिवनीमालवा से 69.50 रूपए, सोहागपुर से 72 रूपए, पिपरिया से 97 रूपए, बुधनी से 20.75 रूपए एवं भोपाल से बांद्राभान का किराया प्रति यात्री 103.50 रूपए निर्धारित किया गया है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि मेले में बडी संख्या में श्रृद्धालु आते है। श्रृद्धालुओं को आने जाने में असुविधा न हो इसके लिए परमिट जारी कर वाहनों का संचालक किया जाएगा। बताया गया कि जो भी वाहन स्वामी मेले में अपने वाहन का संचालन करना चाहते है वे क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय से विधिवत परमिट प्राप्त कर अपने वाहन का संचालन कर सकते है।

### मैराथन दौड़ का आयोजन 9 को

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा प्राप्त निर्देशों के अंतर्गत विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार 9 नवंबर को प्रात 7 बजे से मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा।

# उल्लेखनीय उपलब्धि हेतु जिला प्रशासन को मिला प्रशस्ति पत्र




हरदा, देशबन्धु। उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत गत दिनों आयोजित बुनियादी साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा में हरदा जिले के 20170 में से 17679 नवसाक्षर शामिल हुए। यह उपलब्धि कुल लक्ष्य का 88 प्रतिशत है। इस उपलब्धि के लिये राज्य शिक्षा केन्द्र के संचालक हरजिंदर सिंह ने जिला प्रशासन की टीम की सराहना करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया है। राज्य शिक्षा केन्द्र के संचालक हरजिंदर सिंह ने गुरूवार को राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में यह प्रशस्ति पत्र जिला साक्षरता समन्वयक मुकेश शर्मा को प्रदान किया। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण आदित्य सिंह ने इस उपलब्धि के लिये जिला साक्षरता मिशन की टीम को बधाई व शुभकामनाएं दी है।

# सिमी आतंकी को कड़ी सुरक्षा में लाए जेपी अस्पताल



**भोपाल,देशबन्धु।** सिमी आतंकी आमिल परवेज को गुरुवार सुबह करीब 11 बजे कड़ी सुरक्षा के बीच जेपी अस्पताल लाया गया। दरअसल आमिल को मुंह का कैंसर है। इससे संबंधित सिटी स्कैन और कई अन्य जांच के लिए उसे भोपाल केन्द्रीय जेल से लाया गया था। यहां करीब एक घंटे तक उसकी कई तरह की जांच की गई। जेल अधीक्षक राकेश भांगरे का कहना है कि आमिल की नियमित जांच के तहत सिटी स्कैन होना था। जांच के बाद उसे वापस जेल ले जाया गया। बता दें कि आमिल परवेज भोपाल जेल में साल 2016 से बंद है।

# उपार्जन कार्य हेतु 1 उपार्जन केन्द्र में आंशिक संशोधन

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** म.प्र.शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार कलेक्टर सोनिया मीना ने भारत सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सोयाबीन का खरीफ 2024 (विपणन वर्ष 2024-25) में समस्त पात्र कृषकों से एफएक्यू मापदंड अनुरूप उपार्जन कार्य हेतु उपखंड स्तरीय उपार्जन समिति से भौतिक सत्यापन तथा प्राप्त प्रस्ताव अनुसार 2 उपार्जन केन्द्र निर्धारित किये गये थे। जिसमें से एकउपार्जन केन्द्र पर पूर्व में पटेल वेयरहाउस शिवपुर के लिए से.स. समिति भैरोपुर को निर्धारित किया गया था, जिसमें आंशिक संशोधन करते हुए उसके स्थान पर अब पटेल वेयरहाउस शिवपुर के लिए से.स. रमपुरा को निर्धारित कर निर्देशित किया गया है कि वे उपार्जन का कार्य संपादित कराना सुनिश्चित करें।

# अभिमत

*सतपुड़ा अंचल में मेले के आयोजन में सक्रिय एक ग्रामीण ने बतलाया कि पुराने समय में जब बीमारियां ज्यादा बढ़ने लगीं, तब बंगाल से गांगो (देवी) को लेकर आए। वह जादूगरनी थी। उसने बीमारियों से रक्षा की, ऐसा माना जाता है, तभी से यह मंडई की परंपरा पुरखों से चल रही है। कई तरह के विधि विधान से इसकी पूजा की जाती है। होम, धूप, गुड़, नारियल, नींबू जैसी कई चीजें पूजा में लगती हैं।*

## भाईचारा बढ़ाने वाली मड़ई मेलों की परंपरा

नवाचार

■ बाबा मायाराम

मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ दोनों ही सांस्कृतिक रूप से काफी समृद्ध हैं। दोनों ही अविभाज्य मध्यप्रदेश में एक थे। कुछ साल पूर्व ही अलग हुए हैं। लेकिन इनकी सांस्कृतिक परंपराएं कुछ हद तक मिलती हैं। मेलों व तीज-त्योहारों में इस सांस्कृतिक विविधता की झलक मिलती है। दीपावली के बाद मध्यप्रदेश के सतपुड़ा अंचल में मड़ई मेलों का सिलसिला चलता है, हरेक गांव में मड़ई मेला होता है। ऐसी परंपराओं से प्राचीन संस्कृति की झलक तो मिलती ही है, गांवों के जीवन में उत्साह का संचार भी होता है। आज इस कॉलम में इस पर चर्चा करना उचित होगा, जिससे इन तीज-त्योहारों व मेलों के माध्यम से आपस में भाईचारा बढ़ाने वाली व जोड़ने वाली परंपराओं को समझा जा सके।

छुटपन से मैं मड़ई मेलों में जाता रहा हूं। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के गांवों में मुझे मड़ई में जाने का मौका मिला है। मड़ई यानी मंडप होता है। मेला यानी मिलना, देखना, मेल-मिलाप करना। मेल-मिलाप का प्रयोजन कई प्रकार का होता है। मेलों में काफी भीड़ उमड़ती है। यहां देवी-देवताओं का मिलन भी होता है, इसे देव मिलन भी कह सकते हैं। मड़ई पर लोग अपने गांव की ढाल भी लेकर आते हैं, यह बांस के एक सिरे पर मोर पंख से छतरीनुमा बनाई जाती है, इसे देवी का रूप माना जाता है। इन्हें लोग समूह बनाकर, नाचते-गाते मंडई में लेकर आते हैं और विधि विधान से पूजा-अर्चना करते हैं।

मड़ई एक छोटे बाजार की तरह होती है। यह मेले नदियों के किनारे, पेड़ों के नीचे, मैदानों में होते हैं। इस प्रकार, खेती-किसानी, प्रकृति और पर्यावरण से तीज-त्योहारों से निकट का संबंध होता है। ऐसे मौकों पर आपसी भाईचारा भी देखने को मिलता है। ऐसे मेले, प्राचीन जमाने के दिनों की याद दिलाते हैं, जब न तो टेलिविजन होते थे, और न ही आने जाने के लिए कोई साधन। पूर्व में मेला ही मिलने-जुलने और एक दूसरे से जुड़ने का माध्यम होते थे। वर्तमान में तो यह साधन उपलब्ध हैं। इसके अलावा, इसमें धार्मिक, सांस्कृतिक, व्यापारिक और लोककला का प्रचार-प्रसार भी होता है।

मेले में कई तरह की दुकानें होती हैं। भोजन की, मिठाईयों की और खिलौने की दुकानें होती हैं। मनोरंजन के लिए झूले होते हैं। यहां लोग घरेलू व रसोई में काम आने वाली चीजें भी खरीदते हैं, पशु और साज-सज्जा के सामान भी बिकते हैं। मेले में तरह-तरह की मिठाईयां मिलती हैं। चाट व गोलगप्पे भी होते हैं। रेवड़ी, और मोतीचूर व खोवा के लड्डू। भुने चने, मूंगफली, सिंघाड़े, अमरूद इत्यादि कई चीजें मिलती हैं। बच्चों के लिए तरह-तरह के खिलौने व रंग-बिरंगे गुब्बारे आकर्षित करते हैं। सभी को अपनी रूचि का सामान मेलों में मिल जाता है।

मेलों में कई तरह के नृत्य देखने को मिलते हैं। इसी प्रकार ढोल व टिमकी की थाप पर लोक गीतों को यहां सुना जा सकता है। युवा रंग-बिरंगी पोशाकों में नाचते गाते देखे जा सकते हैं। देवी देवताओं की विधि विधान से पूजा-अर्चना भी होती है।

इसी प्रकार, छत्तीसगढ़ में दीपावली के मौके पर राउत नाचा बहुत ही प्रसिद्ध है। यह पारंपरिक नृत्य है। इसमें विशेष वेशभूषा में लोग टोलियों में नाचते गाते हैं। और गांव व इलाके में घर-घर जाकर उनके समृद्धि व खुशहाली की कामना की जाती है।

मुझे एक गांव के ग्रामीण ने बताया कि वह भुने चने व मूंगफली बेचने के लिए कई मेलों में जाता है। चाय भी बनाकर बेचता है। यानी मेले कई छोटे दुकानदार व फुटपाथ पर सामान बेचने वालों, खोमचे व चाट बेचने वालों के रोजगार का भी माध्यम होता है। कई लोगों को इससे आजीविका भी मिलती है।

सतपुड़ा अंचल में मेले के आयोजन में सक्रिय एक ग्रामीण ने बतलाया कि पुराने समय में जब बीमारियां ज्यादा बढ़ने लगीं, तब बंगाल से गांगो (देवी) को लेकर आए। वह जादूगरनी थी। उसने बीमारियों से रक्षा की, ऐसा माना जाता है, तभी से यह मंडई की परंपरा पुरखों से चल रही है। कई तरह के विधि विधान से इसकी पूजा की जाती है। होम, धूप, गुड़, नारियल, नींबू जैसी कई चीजें पूजा में लगती हैं।

एक अन्य ग्रामीण ने बताया कि यह त्योहार पशुओं (गाय-बैल) से जुड़ा है। इस मौके पर उन्हें नहलाते-धुलाते हैं। उन्हें सजाते हैं। खीर व अनाज खिलाते हैं। गोवर्धन पूजा के दिन गाय-बैलों की पूजा करते हैं। लेकिन इन दिनों मवेशी मारे-मारे फिर रहे हैं।

देसी बीजों के संरक्षण में लगे बाबूलाल दाहिया बताते हैं कि 'हमारे सभी त्योहार खेती से जुड़े हैं। दीवाली भी इनमें से एक है। इसी समय खरीफ की फसलें पककर आने लगती हैं। खुशी व उल्लास का मौका होता है'। किसानों से ही अन्य जातियां जुड़ी हैं। इन सबको इनके काम, सामान व सेवाओं के बदले अनाज दिया जाता है, जिससे इनके घर में खुशियां आती हैं।

वे आगे बताते हैं कि 'इस मौके पर गाय-बैल को सजाया जाता है। उनकी पूजा की जाती है। हल-बक्खर जैसे कृषि-औजारों की पूजा की जाती है। यह वह समय होता है जब किसान के घर में खरीफ की फसल पककर घर आ जाती है- ज्वार, मक्का, चावल और उड़द जैसी दालें। अरहर की फसल को छोड़कर, वह बाद में आती है, सब फसलें आ जाती हैं।

वे आगे बताते हैं कि पहले स्कूलों में लंबी छुट्टी (24 दिन की) हुआ करती थी, जिसे फसली छुट्टी भी कहते थे। इस दौरान बच्चे उनके मां-बाप के साथ खेतों के काम में मदद करते थे। खेती के तौर-तरीकों सीखते थे, आसपास के पर्यावरण से परिचित होते थे। ज़मीनी हकीकत से जुड़ते थे। रिश्तेदारों के घर जाते थे। अब यह छुट्टी कम हो गई है।

बाबूलाल दाहिया कहते हैं कि च्च अब गांव, खेती, अनाज, लोक कला, संस्कृति पीछे होते जा रहे हैं। औद्योगिक सभ्यता आगे बढ़ रही है। एक दिवाली भागती हुई सभ्यता की प्रतीक बन गई है तो दूसरी दिवाली कृषि सभ्यता में ठहर गई है। एक दिवाली में गगनचुंबी इमारतों में होने वाली दिवाली की पार्टियों का शोर है तो दूसरी दिवाली अब गांवों में उजड़ती दिख रही है, खेती और गांव उजड़ती हुई सभ्यता के प्रतीक बन रहे हैं।'

सतपुड़ा अंचल के साहित्यकार कश्मीर उप्पल बताते हैं कि 'मेला कला, संस्कृति व सामाजिकता के संगम हुआ करते थे। जैसे संगम में कई नदियां एकत्रित होती हैं, उसी तरह मेलों में कई तरह की सीख होती थी।' यहां हाथ से बनी चीजें होती थीं, मिट्टी से बने खिलौने होते थे, उनमें सुघड़ता व कारीगरी होती थी। छोटी-छोटी दुकानें होती थी, जहां लोग उनके उत्पाद बेचते थे। लेकिन अब इन सबकी जगह रेडीमेड सामान ले रहे हैं। इससे गांव और अभावग्रस्त होते जा रहे हैं।

कुल मिलाकर, यह कहा जा सकता है कि मेले से ग्रामीण जीवन की धीमी गति में उत्साह, उल्लास व जोश पैदा होता है। सामाजिक एकरसता व तनाव से मुक्ति दिलाते हैं। गांव- समाज में नई ऊर्जा का संचार करते हैं। प्रकृति से मेलों व त्योहारों का रिश्ता होता है। ऐसे मेले प्रकृति को बचाने, सामूहिकता का भाव पैदा करने, पारस्परिक सौहार्द, एक दूसरे से सहयोग करने की परंपरा की याद दिलाते हैं। इनसे आपसी सूझबूझ का विकास भी होता है।

चूंकि ऐसे मेलों का आयोजन प्रकृति की गोद में बसे पहाड़ों व जंगलों के आसपास, पेड़ों के नीचे, तालाब व नदियों के किनारे होता है। और इनसे यहां के बाशिन्दों का खास रिश्ता होता है, वे प्रकृति पूजक हैं। उनके देवी-देवता भी जंगल में ही हैं। वे जंगल से उतना ही लेते हैं, जितनी जरूरत है। इसलिए ऐसे मेलों से प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर जीने की प्रेरणा भी मिलती दिखाई देती है। ऐसे मेलों से प्राचीन संस्कृति व इतिहास में झांकने का भी एक मौका मिलता है।

मेलों की संस्कृति व परंपराएं सदियों से विकसित हुई हैं। यह आपस में जोड़ती हैं, एक दूसरे की मदद करने की परंपराएं सिखाती हैं। इससे हमें खेती व छोटे व लघु कुटीर उद्योगों की ओर बढ़ने की दिशा भी मिलती है। ऐसे कामों से गांव-समाज को आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाने में मदद मिल सकती है। लेकिन क्या हम इस दिशा में आगे बढ़ना चाहेंगे?

**ऐसे मेलों का आयोजन प्रकृति की गोद में बसे पहाड़ों व जंगलों के आसपास, पेड़ों के नीचे, तालाब व नदियों के किनारे होता है। और इनसे यहां के बाशिन्दों का खास रिश्ता होता है, वे प्रकृति पूजक हैं। उनके देवी-देवता भी जंगल में ही हैं। वे जंगल से उतना ही लेते हैं, जितनी जरूरत है। इसलिए ऐसे मेलों से प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर जीने की प्रेरणा भी मिलती दिखाई देती है। ऐसे मेलों से प्राचीन संस्कृति व इतिहास में झांकने का भी एक मौका मिलता है।**

### बीता सप्ताह

**3 नवंबर**

- अमित शाह के खिलाफ लगाए गए आरोपों के मामले में भारत ने कनाडा के उच्चायोग के प्रतिनिधि को तलब किया।
- कश्मीर में सुरक्षा बलों औरआतंकियों में हुए मुठभेड़ में 3 आतंकी मारे गए।
- श्रीलंका में पासपोर्ट की कमी को देखते हुए आनलाइन अपाइंटमेंट सिस्टम शुरु किए गए।
- रवांडा में मारबर्ग वायरस बीमारी के खिलाफ टीकाकरण अभियान शुरु किया गया।

**4 नवंबर**

- छत्तीसगढ़ राज्य का 24वां राज्योत्सव मनाया गया। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने उद्घाटन किया।
- श्री डुमा बोको बोत्साना के नए राष्ट्रपति चुने गए पीएम मोदी ने दी बधाई।
- न्यूजीलैंड ने भारत को क्रिकेट मैच में 25 रन से हराया। अपने ही घर में 24 साल बाद क्लीन स्वीप हुए।
- नाइजीरिया में सेना द्वारा 187 संदिग्ध आतंकियों को मार गिराया।

**5 नवंबर**

- झारखंड के अल्मोड़ा में एक बस के खाई में गिरने से 36 लोगों की मौत हो गई।
- वायुसेना का मिग-29 विमान आगरा के निकट दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पायलट पैराशूट की मदद से सुरक्षित उतरे।
- स्पेस स्टेशन में 192 दिन बिताने के बाद चीन के तीन एस्ट्रोनाट धरती पर वापस लौटे।
- इंडोनेशिया में ज्वालामुखी लेबोटोबी फटने से 10 लोगों की मौत हो गई।

**6 नवंबर**

- सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाइकोर्ट का फैसला पलटते हुए कहा कि उत्तरप्रदेश मदरसा अधिनियम बरकरार रहेगा।
- पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित मैथिली और भोजपुरी गीतों की प्रसिद्ध गायिका शारदा सिन्हा का निधन हो गया।
- केन्या में आयोजित इंटरनेशन लॉन टेनिस चैम्पियनशिप मैच में सोनीपत के अर्जुन राठी ने जीता स्वर्ण पदक।
- नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला टीनूबू को भूख हड़ताल के दौरान गिरफ्तार किया गया एवं नाबालिगों को रिहा किया गया।

**7 नवंबर**

- अमेरिकी चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप ने ऐतिहासिक जीत हुई।
- छत्तीसगढ़ के राज्योत्सव समापन अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ ने अरने भाषण में कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य देश में मिसाल बनकर उभरा है।
- एशिया के शीर्ष विश्वविद्यालयों की सूची में भारत के छ: विश्वविद्यालय शामिल हुए। भारतीय प्रौद्योगि संस्थान दिल्ली, बाम्बे, मद्रास, कानपुर, खड़गपुर और भारतीय विज्ञान संस्थान के नाम है।
- जम्मू कश्मीर विधानसभा में पेशनल कॉन्फ्रेस सरकार ने अनुच्छेद 370 बहाली का प्रस्ताव पास किया।

**8 नवम्बर**

- जम्मू कश्मीर विधानसभा में अब्दुल्ला सरकार द्वारा लाए गए धारा 370 हटाए जाने के प्रस्ताव को लेकर पक्ष-विपक्ष में जमकर हाथापाई हुई।
- बीएड-डीएड डिग्री विवाद में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने कहा कि किसी की नौकरी छीनना समस्या का समाधान नहीं है।
- छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यसभा सांसद व प्रख्यात समाजसेवी गोपाल व्यास का निधन हो गया।
- आस्ट्रेलियाई सरकार ने 16 साल से कम उम्र के बच्चों पर सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने पर प्रतिबंध लगा दिया।

## प्रजा के हित में प्रजातंत्र?

■ कुलभूषण उपमन्यु

प्रजातंत्र अब तक मानव मस्तिष्क द्वारा खोजे गए शासन के तरीकों में से बेहतरीन तरीका साबित हुआ है। आखिर शासन की जरूरत क्यों पड़ी होगी? जब मनुष्य कबीलों में रहता था तो भोजन, आवास की बुनियादी सुविधाओं को जुटाने के लिए आपस में मिल-जुलकर कार्य करने की जरूरत पड़ी होगी जिसके लिए कुछ नियम बने होंगे। मानव सहज वृतियों के चलते टालमटोल करके मेहनत से बचने का प्रयास कर सकता है, कोई अपनी जरूरत से ज्यादा झपटने का प्रयास कर सकता है, इसलिए कबीले के भीतर मुखिया जैसी व्यवस्था खड़ी हुई होगी। फिर दूसरे कबीले एक-दूसरे के संसाधनों पर कब्जा करने के लिए हमलावर हो सकते थे, उनसे सुरक्षा की जरूरत थी। तीसरी जरूरत आंधी, तूफ़ान, ठंड, गर्मी, बाढ़ जैसे प्राकृतिक प्रकोपों से मिलजुल कर बचाव के लिए समूह की थी। धीरे-धीरे आपस में न्याय, दूसरों से सुरक्षा और प्रकृति से सुरक्षा के लिए ढांचागत निर्माण, वनोपज और शिकार के हथियारों आदि के लिए धीरे-धीरे कुछ नियमों द्वारा समाज के संचालन की शुरुआत हुई और इसी से शासन पद्धतियों का विकास हुआ।

एक समय तक मनुष्य को यह समझ आ गया कि शक्ति हाथ में आ जाने के निजी लाभ भी हैं, इसलिए शासन को शक्ति द्वारा हथियाने के प्रयास शुरू हुए। छोटे-छोटे रजवाड़े और बाद में बड़े-बड़े साम्राज्य खड़े होते गए। जैसे-जैसे साम्राज्यों का विस्तार होता गया वैसे-वैसे शासन द्वारा आंतरिक और बाह्य स्तर पर लूट-खसोट के अवसर भी बढ़ते गए। आधुनिकता के साथ-साथ उद्योग और व्यापार में बढ़ोतरी हुई। अब समाज अपने जीवन-यापन योग्य उत्पादों को पैदा करके आत्मनिर्भरता तक सीमित न रहकर, जरूरत से ज्यादा वस्तुओं का उत्पादन करके उनका व्यापार करके अतिरिक्त आय सृजन के अवसर तलाशने लगा। ऐशो-आराम के साधन जुटाने के साथ बड़ी-बड़ी सेनाएं भी रखने लगा। बड़ी सेनाओं के बूते दूसरे देशों के संसाधनों को कब्जा करने, अपनी धार्मिक मान्यताओं को जबरदस्ती दूसरे लोगों पर थोपने का क्रम आरंभ हुआ।

**एक समय तक मनुष्य को यह समझ आ गया कि शक्ति हाथ में आ जाने के निजी लाभ भी हैं, इसलिए शासन को शक्ति द्वारा हथियाने के प्रयास शुरू हुए। छोटे-छोटे रजवाड़े और बाद में बड़े-बड़े साम्राज्य खड़े होते गए। जैसे-जैसे साम्राज्यों का विस्तार होता गया वैसे-वैसे शासन द्वारा आंतरिक और बाह्य स्तर पर लूट-खसोट के अवसर भी बढ़ते गए। आधुनिकता के साथ-साथ उद्योग और व्यापार में बढ़ोतरी हुई।**

इससे आन्तरिक और बाह्य दोनों तरह का अन्याय बढ़ता गया। इसी कष्ट से मुक्ति के प्रयास के फलस्वरूप प्रजातंत्र का उदय हुआ। इसके पीछे मूल भावना यह थी कि कोई एक राजा नहीं होगा जो जब चाहे तब तक, मनमाने फैसले करके जनता और विश्व-समाज का शोषण करता रहे। इसकी बजाय समाज सामूहिक रूप से अपने लिए स्वयं निर्णय करके निश्चित अवधि के लिए सरकार चुने। भारत में इस तरह के प्रयोग स्वतंत्र जनपदों के माध्यम से हुए जिन्हें 'संघ' या 'गण' कहा जाता था। यूरोप में वर्तमान प्रजातंत्र का उदय हुआ। यूनान के एथेंस को वर्तमान प्रजातंत्र का जनक माना जाता है। लंबे समय तक कई बदलावों और संघर्षों के बाद ब्रिटेन में पहली पार्लियामेंट 1707 ईस्वी में बनी। हालांकि तब तक प्रजातंत्र का स्वरूप सीमित अभिजात्य वर्ग तक ही उपलब्ध था। अमेरिका ने सीमित प्रजातंत्र की अवधारणा को अमान्य करके 1776 में 'अमेरिकन स्वतंत्रता की उद्घोषणा' में कहा कि 'सभी मनुष्य समान बनाए गए हैं, उन्हें पैदा करने वाले ने कुछ अधिकार दिए हैं जिनका उल्लंघन नहीं किया जा सकता, जिनमें से जीवन, स्वतंत्रता और प्रसन्नता प्राप्त करने के प्रयास करने का अधिकार मुख्य हैं।'

कालांतर में अमेरिका के राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन ने प्रजातंत्र को 'लोगों की, लोगों के द्वारा और लोगों के लिए सरकार' के रूप में परिभाषित किया। मानवाधिकारों की रक्षा करते हुए व्यक्तिगत और सामाजिक रूप से विकास करने का वातावरण बनाते हुए लोग स्वयं अपने लिए जब शासन व्यवस्था का संचालन कानून के अनुसार करते हैं तब प्रजातंत्र फलीभूत होता है। प्रजातंत्र का आधार मौलिक अधिकार हैं और समानता को चरितार्थ करने के लिए क़ानून का शासन मुख्य उपकरण है। क़ानून का सर्वोच्च प्रकार संविधान है जिसके दायरे में रहकर बाकी क़ानून बनाए जाते हैं। कोई क़ानून ठीक नहीं है तो उसको संशोधित करने की व्यवस्था होती है, किन्तु जब तक है तब तक उसको मानना पड़ता है। सब पर बराबर लागू होने को क़ानून का शासन कहा जाता है। शासन के मुख्य काम न्याय करना, क़ानून बनाना, प्रशासन संभालना और विकास की नीतियों और कार्यों को लागू करना होते हैं। यदि एक ही व्यक्ति क़ानून बनाएगा, न्याय करेगा और प्रशासन चलाएगा तो वह तानाशाह बन सकता है, इसीलिए इन तीनों शक्तियों को अलग-अलग संस्थाओं के हाथ में रखा जाता है जिसे हम 'शक्तियों के पृथक्करण का सिद्धांत' कहते हैं।

मोटे तौर पर प्रजातांत्रिक प्रणालियां कई प्रकार की हैं जिनमें 'प्रत्यक्ष प्रजातंत्र,'' अप्रत्यक्ष प्रजातंत्र,'' संसदीय प्रणाली' और 'संघीय प्रणाली' मुख्य हैं। स्विट्जरलैंड में 'प्रत्यक्ष प्रणाली' है, तो भारत और ब्रिटेन 'संसदीय प्रणाली' के और अमेरिका 'संघीय प्रणाली' से शासित हैं। छोटे देशों में प्रत्यक्ष प्रजातंत्र संभव है, जहां समय-समय पर लोग इकट्ठा होकर फैसले ले सकते हैं, किन्तु बड़े देशों में चुने हुए प्रतिनिधियों द्वारा शासन चलाया जाता है। चुने हुए प्रतिनिधि कई बार समाज से कट जाते हैं या निजी स्वार्थवश जनहित की अनदेखी कर सकते हैं इसलिए जीवंत प्रजातंत्रों में सरकारों को समय-समय पर चेताने और जमीनी समस्याओं की जानकारी देने का काम स्वतंत्र मीडिया करता है। इसके साथ ही हर वर्ग को अपने-अपने हितों की रक्षा के लिए आवाज उठाने की छूट रहती है। इससे सरकारों को जमीनी स्तर पर हर पक्ष की बात जानने का मौका रहता है। कई बार सरकारें सामाजिक संगठनों द्वारा आवाज उठाने को सरकारों का विरोध मानकर दबाने का प्रयास करने लगती हैं जिससे मुद्दों पर सर्वांगीण विचार और बहस के मौके समाप्त हो जाते हैं। व्यापक जनहित में ही सरकारें काम करती हैं, किन्तु बहुत सी बातें सरकारों के ध्यान में नहीं भी आ सकतीं। ऐसी स्थिति में सामाजिक संगठन उस कमी को पूरा करते हैं और प्रजातंत्र को मजबूत और सर्वसमावेशी बनाते हैं। यदि ये सामाजिक संगठन वैज्ञानिक समझ और शोध के आधार पर अपनी बात रखें तो सरकार को भी अपने कर्तव्य निर्वहन में मदद मिलती है।

प्रजातंत्र की मजबूती के लिए सरकारों को इन सभी स्तंभों को पुष्ट करते रहना और उचित व्यवस्था बनाते रहना चाहिए। जहां भी मतभेद हों वहां चर्चा करके मार्ग निकालना चाहिए। मीडिया और सामाजिक संगठनों का भी दायित्व है कि वे निष्पक्षता से काम करें। किसी दलगत सोच के पक्षधर होने से वे अपनी भूमिका से हट जाते हैं। आचार्य विनोबा भावे ने सामाजिक संगठनों की इसी भूमिका को इंगित करते हुए 'आचार्यकुल' संस्था की स्थापना की थी। इसका मुख्य कार्य समाज का मुद्दा आधारित निष्पक्ष मार्गदर्शन करना था। अपनी निष्पक्षता को असंदिग्ध और दृढ रखने के लिए इसके सदस्यों से दलगत गतिविधियों से दूर रहने, यहां तक कि वोट भी न डालने की अपेक्षा की गई थी। सामाजिक संगठन इस भूमिका में आकर नि:संदेह प्रजातंत्र को ज्यादा निष्पक्ष, न्यायपूर्ण और जीवन्त बनाने में भूमिका निभा सकते हैं। यही बात मीडिया पर भी लागू होती है।

**(स्वतंत्र लेखक हैं और 'हिमालय नीति अभियान' के अध्यक्ष हैं।)**


## कायम रहेंगे अमेरिका-भारत के गर्मजोशी भरे रिश्ते

अमेरिका के 47 वें राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रम्प के फिर से चुने जाने के साथ हाल के वर्षों में नई दिल्ली के प्रति वाशिंगटन के सौहार्द्रपूर्ण संबंधों की गर्मजोशी कायम रहने की संभावना है। ट्रम्प और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच बहुचर्चित व्यक्तिगत 'दोस्ती' से द्विपक्षीय कूटनीति में आसानी बढ़ने की उम्मीद है।

बहरहाल, मार्च 2000 में पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की भारत यात्रा के बाद से दोनों लोकतंत्रों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में गहरा बदलाव आया है। यह पूर्व राष्ट्रपति जिमी कार्टर के 1978 में भारत आने के लगभग चौथाई सदी के बाद की बात है। क्लिंटन के उत्तराधिकारियों जॉर्ज डब्ल्यू बुश, बराक ओबामा, ट्रम्प और राष्ट्रपति जो बाइडेन के तहत ये संबंध उत्तरोत्तर मजबूत हुए हैं।

एक मायने में वैश्विक परिस्थितियों में आए बदलाव ने भारत-अमेरिका संबंधों को पिछले तीन दशकों में चीन के नाटकीय उदय को समानांतर ढंग से संगठित कर दिया है। अपने वैश्विक प्रभाव में चीन अब व्यावहारिक रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका को टक्कर दे रहा है। चीन के संदर्भ में यह अनुमान लगाया गया है कि यह उम्मीद करना उचित होगा कि व्हाइट हाउस में न तो हैरिस और न ही ट्रम्प वास्तविक रूप से अपनी नीति और दिशा बदलते।

उल्लेखनीय है कि बीजिंग को वाशिंगटन अपना वैश्विक अभिशाप मानता है और जिसके अगले दो दशकों या उससे अधिक समय तक बने रहने की संभावनाएं हैं इसलिए कोई भी अमेरिकी प्रशासन निकट भविष्य में भारत के साथ अपने संबंधों को कमजोर करने का जोखिम नहीं उठाएगा। भारत-चीन ने हाल में चार साल पुराने अपने सीमा विवाद को समाप्त कर दिया है लेकिन संबंधों में हालिया गर्माहट के बावजूद यह स्थिति नहीं बदलेगी। इस समझौते के कारण पैदा हुए नए हालात भारत को अमेरिका के साथ मजबूत रणनीतिक संबंधों, रूस के साथ ऐतिहासिक रूप से मजबूत मित्रता और अब चीन के साथ रिश्तों की अनूठी स्थिति में रखता है।



मयंक छाया

**मार्च 2000 में पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की भारत यात्रा के बाद से दोनों लोकतंत्रों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में गहरा बदलाव आया है। यह पूर्व राष्ट्रपति जिमी कार्टर के 1978 में भारत आने के लगभग चौथाई सदी के बाद की बात है। क्लिंटन के उत्तराधिकारियों जॉर्ज डब्ल्यू बुश, बराक ओबामा, ट्रम्प और राष्ट्रपति जो बाइडेन के तहत ये संबंध उत्तरोत्तर मजबूत हुए हैं।**

उम्मीद की जा रही है कि ट्रंप के नए प्रशासन में मोदी सरकार के प्रति निवर्तमान बाइडेन प्रशासन का सोचा समझा व्यावहारिक दृष्टिकोण जारी रहेगा। बाइडेन कई मोर्चों पर भारत-अमेरिका संबंधों को ऊंचा उठाते थे और व्यक्तिगत रूप से गहराई से जुड़े हुए थे। इसके विपरीत ट्रम्प के बारे में धारणा है कि टैक्स के मुद्दे पर अपनी असाधारण आसक्ति के अलावा एक क्षेत्र के रूप में दक्षिण एशिया के साथ और उसके केन्द्र के तौर पर उनके भारत के साथ ज्यादा जुड़ाव की कम उम्मीद है।

ट्रम्प ने द्विपक्षीय व्यापार संबंधों में भारत को च्एक प्रमुख 'उल्लंघनकर्ता' कहा है और भारत सहित दुनिया में कहीं से भी सभी आयातों पर एक पूर्ण टैरिफ संरचना की धमकी दी है। हालांकि यह देखा जाना बाकी है कि क्या वे वास्तव में उस खतरे को अंजाम देंगे जिस हद तक वे सभी देशों पर 20 प्रतिशत और चीन पर 60 फीसदी के बीच दावा कर चुके हैं। इसके अलावा, उनके नई दिल्ली के प्रति मैत्रीपूर्ण होने की संभावना है। व्हाइट हाउस में वापस आने पर अमेरिका को नया रूप देने की उनकी कट्टरपंथी योजनाओं को देखते हुए उनकी योजना में भारत के तुरंत शामिल होने की उम्मीद नहीं है।

ब्लूमबर्ग इकानॉमिक्स के एक अनुमान के अनुसार, ट्रम्प टैरिफ के कारण भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2028 तक 0.1 प्रश कम होगा। यह छोटी संख्या है लेकिन द्विपक्षीय संबंधों पर इसका मनोवैज्ञानिक असर पड़ सकता है।

भारत के संदर्भ में ट्रम्प का एक ऐसा पहलू है जिसे अक्सर नज़रंदाज़ किया जाता है, वह है भारत में उनके व्यावसायिक हित। पुलित्जर पुरस्कार विजेता पत्रकार व लेखक डेविड के जॉनस्टन 1988 के बाद से ट्रम्प को सबसे लंबे समय तक कवर कर रहे हैं और उनका कहना है कि 'उनके कुछ सबसे लाभदायक निवेश भारत में हैं जहां इमारतों पर उनका नाम है। भारत के प्रति रुख का उनके कारोबारी हितों पर मामूली असर पड़ सकता है।'

ट्रम्प प्रशासन के दौरान द्विपक्षीय संबंधों का एक क्षेत्र-इनिशिएटिव ऑन क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नालॉजी (आईसीईटी) है जिस पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है। तथ्य यह है कि आईसीईटी अंतरिक्ष, सेमीकंडक्टर और उन्नत टेलीकम्युनिकेशन जैसी शक्तिशाली प्रौद्योगिकियों के स्पेक्ट्रम पर रणनीतिक सहयोग पर केंद्रित है और यह एक तरह से इसकी अपनी ढाल है। यह विशेष रूप से इसलिए है क्योंकि चीन इन क्षेत्रों में सफलता हासिल करने के लिए बहुत तेजी से भाग रहा है। इसलिए भारत तथा संयुक्त राज्य अमेरिका दोनों के लिए सहयोग करना महत्वपूर्ण है ताकि बीजिंग उनसे आगे निकल न जाए। समान रूप से अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्र- आर्टिफिशियल इंटलिजेन्स, क्वांटम कंप्यूटिंग, जैव प्रौद्योगिकी एवं क्लीन एनर्जी (क्लीन या कार्बन मुक्त एनर्जी का अर्थ इस प्रकार से विद्युत उत्पादन करने से है जिसमें इस दौरान कार्बन डाई आक्साईड जैसी ग्रीनहाऊस गैसों का सीधा उत्पादन न होता हो) हैं। ये सभी क्षेत्र अगले 100 वर्षों तक दुनिया के काम करने के तरीके को निर्धारित करेंगे।

वैश्विक मुद्दा न होने के कारण भारत के समस्याग्रस्त पड़ोसियों जैसे पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान तथा कुछ हद तक श्रीलंका और नेपाल की ओर ट्रम्प विशेष ध्यान देगें- इसकी संभावना नहीं है। यदि हैरिस सत्ता में आती है तो यह अलग विषय हो सकता था, भले ही हैरिस ने पद भार संभालने की स्थिति में तुरंत बाद इन मुद्दों को किसी विशिष्ट समय में शामिल करने का विकल्प नहीं चुना हो।

ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल में बाइडेन की तुलना में शायद सबसे बड़ा अंतर जलवायु परिवर्तन से निपटने के मामले में होगा जिसके नतीजे भारत और पूरे दक्षिण एशिया में हर दिन महसूस किए जाते हैं। ट्रम्प ने जलवायु परिवर्तन को एक 'धोखाधड़ी' कहा है और वे इसके बारे में ज्यादा परवाह नहीं करते हैं।

इस राष्ट्रपति चुनाव अभियान के दौरान ऐतिहासिक रूप से भारत का उल्लेख बहुत मामूली रूप से हुआ। ट्रंप ने व्यापार के बारे मे उपहासात्मक तरीके से भारत का नाम लिया जबकि उप राष्ट्रपति कमला हैरिस ने केवल अपनी आधी जातीय विरासत के बारे में बात करते हुए भारत का जिक्र किया।

नई दिल्ली के लिए व्हाइट हाउस में ट्रम्प की मौजूदगी रूस-यूक्रेन युद्ध के संदर्भ में विशेष महत्व रखती हैं। बाइडेन के विपरीत, ट्रम्प यूक्रेन और उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में रणनीतिक रूप से निवेश नहीं करते हैं एवं नाटो के बारे में उपेक्षापूर्ण रुख रखते हैं।

भारत के रूस के साथ ऐतिहासिक रूप से मजबूत संबंध रहे हैं इसलिए रूस-यूक्रेन युद्ध की शुरुआत से ही नई दिल्ली को मास्को व वाशिंगटन के बीच संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी पड़ी है।

यूक्रेन युद्ध को लेकर बाइडेन प्रशासन का झुकाव मोदी सरकार की ओर माना जाता था और यह मालूम था कि वे अपने पुराने मित्र देश रूस के खिलाफ कुछ नहीं बोलेंगे। ट्रम्प सरकार के तहत यह समाप्त होने की उम्मीद है।

**(लेखक शिकागो में पत्रकार है। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस)**

# खेल जगत

## भारत को अतिरिक्त उछाल परेशान करेगी : इयान चैपल

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान इयान चैपल का मानना है कि अगर भारतीय बल्लेबाज आगामी बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में अपने शॉट्स को ओवर द टॉप करने की कोशिश करेंगे, तो उन्हें इस महत्वपूर्ण सीरीज के दौरान परिस्थितियों में अतिरिक्त उछाल का सामना करना पड़ेगा। भारत न्यूजीलैंड से घरेलू मैदान पर 3–0 से सीरीज हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया पहुंचेगा। कप्तान रोहित शर्मा और करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली का खराब फॉर्म मेहमान टीम की मुख्य चिंताओं में से एक है। चैपल ने कहा कि भारत को बल्लेबाजी में कुछ समस्याएं हैं। मुझे लगता है कि जायसवाल एक बहुत ही अच्छे दिखने वाले युवा खिलाड़ी हैं, बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज हैं, मुझे लगता है कि गिल वास्तव में खेल सकते हैं। लेकिन फिर आपके पास कोहली और रोहित शर्मा हैं, जो दोनों उम्रदराज हैं।



# राहुल, ईश्वरन दूसरी पारी में भी विफल रहे, भारत ए 73/5

**मेलबर्न,** 8 नवम्बर (एजेंसियां। केएल राहुल और अभिमन्यु ईश्वरन एक बार फिर अपनी छाप छोड़ने में विफल रहे, क्योंकि शुक्रवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दूसरे चार दिवसीय मैच में भारत ए दूसरे दिन के खेल के अंत तक 73/5 रन ही बना पाया। इससे पहले, ऑस्ट्रेलिया ए ने 223 के कुल स्कोर में सलामी बल्लेबाज मार्कस हैरिस के 74 रन की बदौलत 62 रन की बढ़त हासिल की।

■ भारत ए के लिए तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने चार विकेट लिए, जबकि तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने तीन विकेट लिए



भारत ए के लिए तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने चार विकेट लिए, जबकि तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने तीन विकेट लिए। अपनी दूसरी पारी में, भारत ए एक बार फिर मुश्किल में पड़ गया, क्योंकि वे 31/1 से 56/5 पर पहुंच गए। विकेटकीपर–बल्लेबाज ध्रुव जुरेल को भारत ए के लिए बचाव कार्य करना होगा। भारत ए ने दूसरे दिन के अंत में 11 रन की बढ़त हासिल की। जुरेल 19 रन बनाकर नाबाद हैं, जबकि नितीश कुमार रेड्डी नौ रन बनाकर नाबाद हैं। सुबह 26 रन से आगे खेलते हुए हैरिस ने अपना 47वां प्रथम श्रेणी अर्द्धशतक बनाया और आगामी बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी में उस्मान ख्वाजा के साथ ओपनिंग करने के लिए अपना दावा मजबूत किया। हैरिस ने 138 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से 74 रन बनाए। वह भाग्यशाली भी रहे कि उन्हें 48 रन पर जीवनदान मिला, जब ऐसा लग रहा था कि तनुश कोटियन की गेंद हैरिस के बल्ले का किनारा लेकर पहली स्लिप में कैच हो गयी है, लेकिन मैदानी अंपायर ने उन्हें कैच आउट नहीं दिया, जिससे इंडिया ए नाराज हो गया।

जिमी पीयरसन (30), नाथन मैकएंड्रू (नाबाद 26) और कोरी रोचिसोली (35) के बहुमूल्य योगदान से भी उन्हें मदद मिली। इंडिया ए की दूसरी पारी में राहुल और ईश्वरन ने 25 रन जोड़े, लेकिन मैकएंड्रू की गेंद पर ईश्वरन गली में लपके गए। इसके बाद भारत ए का पतन शुरू हो गया – बी साई सुदर्शन ने ब्यू वेबस्टर की गेंद पर दूसरी स्लिप में कैच किया गया, जबकि रुतुराज गायकवाड़ को मैकएंड्रू की गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट किया गया।

राहुल के दिमाग में एक ऐसा पल आया जब उन्होंने रोचिचियोली की गेंद पर कोई शॉट नहीं खेला और पैड से बचाव करने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनके पैड से टकराकर स्टंप पर जा लगी। भारत की योजना पर्थ में पहले टेस्ट में उन्हें ओपनिंग कराने की थी लेकिन वह दोनों पारियों में 4 और 10 रन ही बना सके। रोहित शर्मा व्यक्तिगत कारणों से इस मैच में नहीं खेल पाएंगे। इससे भारत को मदद नहीं मिली क्योंकि ईश्वरन ने भी इसी मैच में 0 और 17 रन बनाए। वेबस्टर ने फिर से कमाल किया जब उन्होंने देवदत्त पडिक्कल को पहली स्लिप में कैच कराया, इससे पहले जुरेल और नितीश स्टंप तक टिके रहे, जो कि प्रतिष्ठित एमसीजी में रेड–बॉल क्रिकेट का एक और उलटफेर वाला दिन था। संक्षिप्त स्कोर: भारत ए 161 और 73/5 (ध्रुव जुरेल 19 नाबाद, ब्यू वेबस्टर 2–14, नाथन मैकएंड्रू 2–22) ने ऑस्ट्रेलिया ए 223 (मार्कस हैरिस 74, प्रसिद्ध कृष्णा 4–50, मुकेश कुमार 3–41) पर 11 रन से बढ़त बनाई।

# यूएसपीएल ने सीजन 3 के लिए जारी किया पूरा शेड्यूल

फ्लोरिडा (एजेंसियां), 8 नवम्बर (एजेंसियां। फ्लोरिडा के ब्लोवार्ड काउंटी स्टेडियम में शुरू हो रही यूनाइटेड स्टेट्स प्रीमियर लीग (यूएसपीएल) सीजन 3 का पूरा फिक्सचर जारी कर दिया गया है। 22 नवंबर से 1 दिसंबर तक होने वाले ताबड़तोड़ क्रिकेट में कैरोलिना ईगल्स और कैलिफोर्निया गोल्डन ईगल्स के बीच पहला मुकाबला तो, उसके तुरंत बाद दूसरा मैच मैरीलैंड मावेरिक्स और अटलांटा ब्लैककैप्स के बीच देखने को मिलेगा। लीग के प्रत्येक दिन

■ दोनों ही सेमीफाइनल 29 नवंबर को तो, फाइनल मुकाबला 1 दिसंबर के लिए शेड्यूल है

ट्रिपल–हेडर मुकाबले देखने को मिलेंगे, जिससे प्रशंसकों को हर दिन सेमीफाइनल और ग्रैंड फिनाले जैसी भिड़ंत देखने को मिलेगी। दोनों ही सेमीफाइनल 29 नवंबर को तो, फाइनल मुकाबला 1 दिसंबर के लिए शेड्यूल है।

कार्यक्रम के बारे में बोलते हुए यूएसपीएल के संस्थापक और अध्यक्ष जयदीप सिंह ने कहा कि हमें सीजन 3 का पूरा शेड्यूल जारी करते हुए बहुत खुशी हो रही है। हमने शेड्यूल को इस तरह से डिजाइन किया है, जो प्रशंसकों के लिए हर दिन रोमांच के नए आयाम स्थापित करेगा। इसके अलावा हमारे शानदार कमेंटरी पैनल की ऊर्जा प्रशंसकों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बन जाएगी। पिछले महीने यूएसपीएल ने सीज़न 3 के लिए सितारों से सजे कमेंटरी पैनल की घोषणा की थी, जिसमें पूर्व खिलाड़ी मोनाली पटेल, पॉल निक्सन, कायनात वकार, मैरी केली और जॉन केंट जैसे प्रतिभाशाली और अद्वितीय दृष्टिकोण वाली शख्सियतों को कमेंट्री बॉक्स का हिस्सा बनाया गया था। इसके अलावा क्रिकेट की गहरी समझ रखने वाले ग्रेस बॉलिंजर भी ज्ञानवर्धक कमेंट्री करते नजर आएंगे। न्यू जर्सी में आयोजित हुई नीलामी के बाद सभी प्रमुख खिलाड़ियों को टीम में शामिल कर लिया गया है जिसके तहत छह




फ्रेंचाइजी टीमों कैरोलिना ईगल्स, अटलांटा ब्लैककैप्स, कैलिफोर्निया गोल्डन ईगल्स, मैरीलैंड मावेरिक्स, न्यू जर्सी टाइटन्स, न्यूयॉर्क काउबॉय ने नई टीमों के साथ अपनी टीमों को और मजबूत किया है।

# मोहम्मद नबी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के बाद वनडे से लेंगे संन्यास

**नई दिल्ली,** 8 नवम्बर (एजेंसियां)। अफगानिस्तान के स्टार ऑलराउंडर मोहम्मद नबी अगले साल पाकिस्तान में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के बाद वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के मुख्य कार्यकारी नसीब खान ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। हालांकि, चैंपियंस ट्रॉफी के बाद




नबी टी20 क्रिकेट में अफगानिस्तान के लिए खेलते रहेंगे। नसीब खान ने क्रिकबज को बताया कि हां, नबी चैंपियंस ट्रॉफी के बाद वनडे से संन्यास ले रहे हैं और उन्होंने बोर्ड को अपनी इच्छा के बारे में पहले ही बता दिया था। उन्होंने कुछ महीने पहले ही मुझे बताया था कि वह चैंपियंस ट्रॉफी के बाद वनडे करियर खत्म करना चाहते हैं।

हम उनके इस निर्णय का स्वागत करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि वह अपना टी20 करियर बरकरार रखेंगे। 39 वर्षीय नबी अफगानिस्तान की वनडे टीम के सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक हैं। उन्होंने 2009 में स्कॉटलैंड के खिलाफ अपने पहले वनडे में अर्द्धशतक बनाकर प्रभाव छोड़ा था। नबी ने अब तक 165 वनडे मैचों में 3,549 रन बनाए हैं और

■ नबी चैंपियंस ट्रॉफी के बाद वनडे से संन्यास ले रहे हैं

171 विकेट भी लिए हैं। हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में नबी ने शानदार 82 रन बनाए, जिससे उनकी टीम एक मजबूत स्कोर खड़ा कर पाई और फिर अल्लाह गज़नफर के छह विकेटों की मदद से उसे डिफेंड भी कर लिया। सीनियर ऑलराउंडर नबी ने 2019 में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। नबी ने अफगानिस्तान के लिए 3 टेस्ट मैच खेले हैं। इसके अलावा वह आईपीएल के 24 मैचों में भी अपना जलवा दिखा चुके हैं। उन्होंने 143.33 के तेज स्ट्राइक रेट से 215 रन इस लीग में बनाए हैं और गेंदबाजी में भी 15 विकेट हासिल किए हैं। नबी ने कई मौकों पर अफगानिस्तान क्रिकेट टीम को अपने अनुभव और हरफनमौला खेल से जीत दिलाई है।

# भारतीय बल्लेबाजी समूह डरबन में बल्लेबाजी का लुत्फ उठाएगा : उथप्पा

**नई दिल्ली,** 8 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत द्वारा 2024 पुरुष टी20 विश्व कप जीतने के बाद, टीम के बल्लेबाजी दृष्टिकोण में उल्लेखनीय बदलाव आया है। रोहित शर्मा और विराट कोहली के इस प्रारूप को अलविदा कहने और कई पहली पसंद के खिलाड़ियों को टेस्ट खेलने के लिए आराम दिए जाने के बाद, बल्लेबाज टी20 में बल्लेबाजी करते समय फेरारी कार की तरह तेज गति से बल्लेबाजी कर रहे हैं। भारत हैदराबाद में बांग्लादेश के खिलाफ 297/6 का शानदार स्कोर बनाने के बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में उतरेगा, जो टी20 में किसी पूर्ण सदस्य देश द्वारा बनाया गया सर्वोच्च स्कोर है। दक्षिण अफ्रीका में भारतीय टीम के साथ 2007 पुरुष टी20 विश्व कप का खिताब जीतने वाले रॉबिन उथप्पा का मानना है कि युवा बल्लेबाजी समूह डरबन के किंग्समीड से शुरू होने वाले इंद्रधनुषी देश में बल्लेबाजी का आनंद उठाएगा। उथप्पा, जो कि जियोसिनेमा और स्पोर्ट्स18 विशेषज्ञ हैं, ने शुक्रवार को एक चुनिंदा वर्चुअल बातचीत में आईएएनएस से कहा कि जहां तक बल्लेबाजी समूह का



■ डरबन को दुनिया की सबसे तेज पिचों में से एक माना जाता है

सवाल है, आपको देखना होगा कि यह युवाओं का समूह है, और वे अभी भी अपने पैर जमाने में सक्षम होने जा रहे हैं। डरबन को दुनिया की सबसे तेज पिचों में से एक माना जाता है। इसलिए उनके लिए वहां खेलना एक अनुभव होगा और मैं उन्हें वह अनुभव प्राप्त करते हुए देखने के लिए उत्सुक हूं। उन्होंने कहा कि वे इसका आनंद लेंगे, क्योंकि खिलाड़ी गेंद को बल्ले पर आने और डिलीवरी की गति का आनंद लेते हैं, वे डरबन में इसका वास्तव में आनंद लेंगे। साइड बाउंड्री छोटी हैं, और यदि आप शॉर्ट गेंदबाजी कर रहे हैं, तो आपके शॉट विकेट के स्क्वायर पर निकल जाएंगे। यदि आप मैदान पर अच्छे हैं और आप वी में अच्छी तरह से हिट करते हैं, तो गेंद डरबन में दूर तक जाती है। उन्हें यह भी लगता है कि दक्षिण अफ्रीका अपने घरेलू मैदान पर खेली जा रही श्रृंखला में भारत पर कड़ी टक्कर देगा, जो जून में बारबाडोस में टी20 विश्व कप फाइनल के बाद दोनों टीमों के बीच पहली मुलाकात भी है। उनके सामने आने वाली चुनौतियों में से एक यह है कि दक्षिण अफ्रीका थोड़ा बदला लेने की कोशिश करेगा। टी20 विश्व कप के फाइनल में हार के बाद, इस सीरीज़ से पहले भी उनके पास काफी कमज़ोर टी20 सीरीज़ रही है। उन्होंने वेस्टइंडीज़ के खिलाफ़ 3–0 से करारी हार का सामना किया और आयरलैंड के खिलाफ़ 1–1 से ड्रॉ खेला। इसलिए वे वास्तव में भारतीयों पर कड़ी टक्कर देना चाहेंगे, क्योंकि वे अपने घर में ऐसा करना चाहेंगे। उनके पास कैगिसो रबाडा और लुंगी एनगिडी जैसे खिलाड़ी नहीं हैं, लेकिन उनके युवा खिलाड़ी काफ़ी मज़बूत हैं।

## सार संक्षेप

### बंगाल ने 206 रन की बढ़त के साथ मैच पर बनाई पकड़

**बेंगलरु।** इशान पोरेल (चार विकेट), सूरज सिंध जायसवाल (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर बंगाल ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी के मुकाबले में शुक्रवार को कर्नाटक को 221 के स्कोर पर समेटने के बाद दूसरी पारी में तीन विकेट पर 127 रन बनाकर 207 रन की बढ़त के साथ मैच अपन अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। कर्नाटक ने आज यहां कल के पांच विकेट पर 155 रन से आगे खेलना शुरु किया। और कल के स्कोर में 66 रन जोड़कर अपने पांच विकेट गवां दिये। अभिनव मनोहर (55), श्रेयस गोपाल (28), विद्याधर पाटिल (33) रन बनाकर आउट हुये। हार्दिक राज और वासुकी कौशिक 11-11 रन बनाक आउट हुये। कर्नाटक की पूरी टीम पहली पारी में 82.2 ओवर में 221 पर सिमट गई। पहली पारी के आधार पर बंगाल को 80 रनों की बढ़त हासिल हुई। बंगाल की ओर से इशान पोरेल ने चार विकेट, सूरज सिंध जायसवाल ने तीन विकेट और रिषभ विवेक ने दो बल्लेबाजों को आउट किया।

### हरियाणा ने पंजाब को 37 रनों से हराया

**रोहतक।** निशांत सिंधु कुल (11) विकेट और हिमांशु राणा (68) रनों की पारी की बदौलत हरियाणा ने शुक्रवार को रणजी ट्रॉफी के ग्रुप सी मुकाबले में पंजाब को 37 रनों से हरा दिया हैं। 217 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब की टीम हरियाणा के गेंदबाजी आक्रमण के आगे नहीं अधिक देर तक नहीं टिक सकी। दूसरे ही ओवर में जसकरण सिंह (दो) को काम्बोज ने पगबाधा कर हरियाणा को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद निशांत सिंधु ने पुखराज मान (11), अनमोलप्रीत सिंह(16) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। साहिल अरोड़ा (57)ने कुछ देर संघर्ष किया। प्रभसिमरन सिंह (23), नेहाल बढेरा (33) और जसइंदर सिंह (15) रन बनाकर आउट हुये।

### पंजाब के पांच बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सके

**रियाद।** चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजिकोवा ने डब्ल्यूटीए फाइनल में अमेरिकी कोको गॉफ को सीधे सेटों में हराकर एकल ऑरेंज ग्रुप की विजेता के रूप में सेमीफाइनल में जगह बना लिया है। गुरुवार को खेले गये मुकाबले में क्रेजिकोवा ने गॉफ की सर्विस को तोड़कर पहला सेट 7-5 से अपने नाम किया। वहीं दूसरे सेट में क्रेजिकोवा ने ब्रेक के बाद 6-4 से जीत के साथ मुकाबला अपने नाम कर लिया। अब क्रेजिकोवा का सेमीफाइनल में मुकाबला चीन की झेंग किनवेन से होगा। दूसरे सेमीफाइनल में, शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका का सामना अमेरिका की गॉफ से होगा। युगल सेमीफाइनल में निकोल मेलिचर-मार्टिनेज और एलेन पेरेज का सामना गैब्रिएला डाब्रोव्स्की और एरिन रूटलिफ से होगा। मैच के बाद क्रेजिकोवा ने कहा कि निश्चित रूप से यह मेरे लिए एक बड़ी जीत है। मैं अपने खेल और अपने प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। यह वास्तव में एक बड़ा मैच था।

# भारत के खिलाफ सलामी बल्लेबाजी के लिए तैयार हैं मार्क्स हैरिस

**मेलबर्न,** 8 नवम्बर (एजेंसियां)। मार्कस हैरिस का मानना है कि यदि चयनकर्ता उन्हें भारत के ख़िलाफ़ पर्थ में खेले जाने वाले पहले टेस्ट में सलामी बल्लेबाज़ बनने का मौक़ा देते हैं, तो वह इस मौक़े के लिए तैयार हैं। साथ ही हैरिस को यह भी लगता है कि ऑस्ट्रेलिया ए के लिए दबाव में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद वह इस भूमिका के लिए सक्षम भी हैं। 32 वर्षीय हैरिस ने एमसीजी में इंडिया ए के ख़िलाफ़ मुश्किल परिस्थितियों में 74 रनों की संघर्षपूर्ण पारी खेली। हैरिस के इन रनों का महत्व इस बात से समझा जा सकता है कि ऑस्ट्रेलिया ए के लिए इस पारी में दूसरा सबसे ज़्यादा स्कोर (35 रन) नंबर 10 के बल्लेबाज़ कोरी रॉच्चिसियोली ने बनाया था।ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख चयनकर्ता जॉर्ज बेली ऑस्ट्रेलिया ए टीम के साथ एमसीजी में मौजूद थे, लेकिन उन्होंने अभी तक हैरिस या किसी और खिलाड़ी



को यह पुष्टि नहीं दी है कि ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में किसे मौक़ा मिलेगा। हालांकि, ऐसा प्रतीत होता है कि दोनों हैरिस और नेथन मैकस्वीनी का नाम ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम में शामिल किया जा सकता है। ऐसे कयास हैं कि ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में फ़िलहाल 13 खिलाड़ी हो सकते हैं, जिसमें एक अतिरिक्त बल्लेबाज़ और एक अतिरिक्त गेंदबाज़ को भी शामिल किया जा सकता है। दूसरे दिन के खेल के बाद हैरिस से पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि उन्होंने टेस्ट टीम में शामिल किए जाने के लायक़ प्रदर्शन किया है। इस पर उन्होंने कहा कि मुझे इस बारे में ज़्यादा कुछ नहीं पता लेकिन यह एक अच्छा सवाल है। मुझे लगता है कि बाहरी तौर पर देखा जाए तो इस मैच को काफ़ी तूल दिया गया था। मैं अच्छी बल्लेबाज़ी कर रहा हूं, लेकिन और भी बहुत से लोग ऐसा कर रहे हैं। अगर मुझे टीम में बुलाया जाता है तो मुझे लगता है कि मैं इसके लिए तैयार हूँ और अगर नहीं बुलाया जाता है तो कोई बात नहीं। हैरिस ऑस्ट्रेलिया ए टीम में एकमात्र खिलाड़ी हैं जिन्होंने इंडिया ए के ख़िलाफ़ दोनों मैचों में बल्लेबाज़ी की शुरुआत की है। उन्होंने मैके में पहले मैच में सैम कॉनस्टास के साथ ओपनिंग की और 17 और 36 रन बनाए, फिर दूसरे मैच में मैकस्वीनी के साथ ओपनिंग की। हैरिस ने बताया कि चयनकर्ताओं ने दोनों मैचों से पहले उनसे ज़्यादा कुछ नहीं कहा था।

# किरण जॉर्ज कोरिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में

**इक्सन सिटी ( दक्षिण कोरिया ),** 8 नवम्बर (एजेंसियां)। भारतीय शटलर किरण जॉर्ज ने गुरुवार को यहां बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट कोरिया मास्टर्स में तीसरी वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के ची यू जेन को हराकर पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व के 41वें नंबर के खिलाड़ी जॉर्ज, जो टूर्नामेंट में भाग लेने वाले एकमात्र भारतीय हैं, ने जेन पर 21–17, 19–21, 21–17 से जीत दर्ज की और शीर्ष आठ में पहुंच गए, जहां उनका सामना जापान के ताकुमा ओबैयाशी से होगा।



जेन ने पहले मिडगेम ब्रेक पर एक अंक की बढ़त बनाई, लेकिन किरण जॉर्ज ने खेल फिर से शुरू होने के बाद तेजी से बढ़त हासिल की और पहला गेम अपने नाम किया। दूसरे गेम में, चीनी ताइपे के शटलर ने वापसी की और किरण के अंत में तीन गेम पॉइंट बचाने के बावजूद बराबरी कर ली।निर्णायक गेम तब तक रोमांचक रहा जब तक जॉर्ज ने लगातार पांच अंक नहीं जीत लिए और 20–14 की बढ़त हासिल नहीं कर ली। जेन ने तीन गेम प्वाइंट बचाए, लेकिन भारतीय खिलाड़ी को एक घंटे 15 मिनट में मैच जीतने से नहीं रोक पाए। इससे पहले, किरण जॉर्ज को शुरुआती दौर में वियतनाम के

■ जेन ने तीन गेम प्वाइंट बचाए, लेकिन भारतीय खिलाड़ी को एक घंटे 15 मिनट में मैच जीतने से नहीं रोक पाए

गुयेन है डांग को 15–21, 21–12, 21–15 से हराने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। भारत के आयुष शेट्टी (पुरुष एकल) और इमाद फारूकी सामिया (महिला एकल) भी टूर्नामेंट के लिए प्रवेश सूची में थे, लेकिन दोनों ने नाम वापस ले लिया है(

# हॉकी: बिहार महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 के लिए जापान, चीन राजगीर पहुंचे

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 8 नवम्बर (देशबन्धु) सबसे ज्यादा तीन बार खिताब जीतने वाली दक्षिण कोरिया के साथ थाईलैंड और मलयेशिया की टीमें राजगीर, बिहार के राजगीर में 11 से 20 नवंबर तक होने वाली बिहार महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में शिरकत करने के लिए शुक्रवार शाम राजगीर( बिहार) पहुंच गई। इस टूर्नामेंट में दो बार और मौजूदा चैंपियन भारत और 2024 के पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता चीन की महिला भी शिरकत करेंगी। दक्षिण कोरिया की टीम ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन सहित इस टूर्नामेंट में शिरकत करने वाली दूसरी सर्वश्रेष्ठ वरीयता प्राप्त टीम है। दक्षिण कोरिया टूर्नामेंट के पहले



दिन 11 नवंबर को जापान के खिलाफ अपन अभियान का आगाज करने के बाद अगले दिन 12 नवंबर को मेजबान भारत से भिड़ेगी। द.कोरिया की कप्तान इनोबी बोली, हमारा फोकस अपने खेल पर दक्षिण कोरिया की कप्तान चियोन इनोबी ने राजगीर पहुंचने पर

■ हम एशियाई खेलों में बढ़िया प्रदर्शन के मकसद से अपनी टीम तैयार करने में जुटे हैं

कहा, ' महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में शिरकत करने वाली सभी टीमें मजबूत हैं और हम इसीलिए इसमें मैच दर मैच आगे बढ़ेंगे और हमारा फोकस अपने खेल पर है। हम एशियाई खेलों में बढ़िया प्रदर्शन के मकसद से अपनी टीम तैयार करने में जुटे हैं और राजगीर में होने वाली महिला एशियन चैंपियंस हमारे लिए अपनी टीम को परखने का अच्छा मंच है। भारत में हॉकी खेलना हमेशा आनंददायक होता है और हमारी निगाहें इसमें कड़े मैचों पर लगी हैं।' मलयेशिया की टीम बिहार महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी में अपने अभियान का आगाज मौजूदा चैंपियन भारत के खिलाफ शाम को मैच खेल कर करेगी और वह चार ऐसी खिलाड़ियों के साथ जिन्हें उसके लिए अभी सीनियर स्तर अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर का आगाज करना है और उसकी पांच खिलाड़ियों ने वेल्स के खिलाफ हाल ही में उन खिलाड़ियों ने सीनियर टीम के लिए आगाज किया जो कि बीते बरस उसके लिए जूनियर महिला हॉकी विश्व कप में खेली थीं। मलयेशिया के हेड कोच इब्राहिम नसीहिन ने राजगीर पहुंचने पर कहा, 'हमारी टीम कई बार भारत का दौरा कर चुकी है। भारतीय महिला हॉकी टीम ने हमें हमेशा चुनौती दी है। +

# मुशफिकुर न्यूजीलैंड और विंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर

**ढाका,** 8 नवम्बर (एजेंसियां) बांग्लादेश के वरिष्ठ बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम न्यूजीलैंड के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज से बाहर रहेंगे, जो इस महीने के अंत में खेली जानी है, शुक्रवार को राष्ट्रीय चयन पैनल के एक सदस्य ने इसकी पुष्टि की। मुशफिकुर शारजाह में सीरीज के पहले मैच में विकेटकीपिंग करते समय अपनी दाहिनी तर्जनी अंगुली में फ्रैक्चर होने के कारण अफगानिस्तान के खिलाफ चल रही वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। अनुभवी विकेटकीपर–बल्लेबाज की चोट के बारे में बांग्लादेश टीम के फिजियो डेलोवर हुसैन ने गुरुवार को कहा कि अफगानिस्तान की बल्लेबाजी पारी के अंत में, विकेटकीपिंग करते समय मुशफिकुर ने अपनी बाईं तर्जनी अंगुली के सिरे को घायल कर लिया। मैच के बाद एक्स–रे से डीआईपी जोड़ के पास उनकी बाईं तर्जनी अंगुली में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई है। वह रूढ़िवादी प्रबंधन के अधीन हैं और दूसरे और तीसरे वनडे के लिए उपलब्ध नहीं हैं। उनकी स्थिति और अपेक्षित रिकवरी अवधि के बारे में आगे की जानकारी उचित समय पर दी जाएगी। बांग्लादेश के एक चयनकर्ता के अनुसार, चोट को ठीक होने में कम से कम चार से छह सप्ताह लगेंगे और 37 वर्षीय खिलाड़ी के सीरीज के वनडे चरण के लिए उपलब्ध होने की उम्मीद है।

## सार-समाचार

### धूमधाम से मनाया भगवान सहस्त्रबाहु का जन्मोत्सव



**सांची, देशबन्धु।** भगवान सहस्त्रबाहु का जन्मोत्सव शुक्रवार को नगर में धूमधाम और आस्था के साथ मनाया गया। कल्चुरी समाज ने पूजा अर्चना कर भगवान सहस्त्र बाहु से देश-प्रदेश में खुशहाली की प्रार्थना की। समाज के लोगों ने एक दूसरे को बधाईयां दीं। इस अवसर पर शंकर लाल, दीनदयाल, गंगाराम, राजेश चौकसे, हरिशंकर, भैय्या लाल मिसरी लाल, ओमप्रकाश, श्यामलाल, सुन्दरलाल, मदनलाल एवं कल्चुरी समाज महासचिव जुगल किशोर राय, मनोहर लाल जायसवाल सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### नामदेव जयंती का 12 को होगा आयोजन, बैठक में बनी रुपरेखा



**सिलवानी, देशबन्धु।** नगर में नामदेव जयंती उत्साह के साथ मनाने को लेकर समाजजनो में उत्साह देखा जा रहा हैं। कार्यक्रम को लेकर बीती रात्रि को अरविंद्र नामदेव के निवास पर समाजजनो की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 12 नवम्बर को मॉ विजयासन मंदिर परिसर में नामदेव जयंती मनाने को लेकर विस्तार से चर्चा कर कार्यक्रम की रुपरेखा बनाई गई। कार्यक्रम के तहत मंदिर परिसर में हवन, पूजन, आरती प्रसाद वितरण आदि कार्यक्रम संपन्न किए जाएंगं। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए समिति का भी गठन किया गया जिसमें अरविंद्र नामदेव अध्यक्ष, भागवत नामदेव उपाध्यक्ष, रोहित नामदेव सचिव कमलेश नामदेव कोषाध्यक्ष तथा टिल्लू नामेदव को व्यवस्थापक बनाया गया।

### साईखेड़ा में देव उठनी ग्यारस पर अखंड सीताराम कीर्तन



**सिलवानी, देशबन्धु।** सीताराम मंदिर साईखेड़ा में बीते 24 साल से लगातार अखंड सीताराम कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। कीर्तन के 25 साल पूरे होने पर मंदिर परिसर में 12 नवंबर को देव उठनी ग्यारस पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मंदिर के पुजारी ने बताया कि 15 नवंबर मंगलवार को सीताराम मंदिर में आयोजन किया जाएगा। श्री सीताराम नाम संकीर्तन की 25 वीं वर्ष गांठ का भव्य आयोजन 12 नवंबर मंगलवार को अनंत विभूषित श्री ब्रह्मचारी जी महाराज बापौली धाम समय रात्रि 9 बजे होगा।

### पुरानी रंजिश पर मारपीट

**आष्टा, देशबन्धु।** नगर थाना अंतर्गत पुरानी रंजिश के चलते खेत पर की मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि फरियादी रमेश पिता रामप्रसाद विश्वकर्मा निवासी भटोनी को पुरानी रंजिश के चलते आरोपी ओमकार सिंह नाथू परमार एवं दिनेश ने एक होकर खेत पर गालीगलौज की । मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों पर प्रकरण पंजीबद्ध किया।

**एमओयू पर हस्ताक्षर किए, कोरियाई प्रो. ह्वांग सूनील का विशेष व्याख्यान**

# गहन शोध को बढ़ावा देने सांची और डोंगगुक विश्वविद्यालय ने मिलाया हाथ

**रायसेन, देशबन्धु।** सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में दक्षिण कोरिया और मंगोलिया के दो विद्वानों के विशेष व्याख्यान आयोजित किए गए। कोरिया के डोंगगुग विश्वविद्यालय के साथ सांची विश्वविद्यालय ने अकादमिक एमओयू भी किया। गहन शोध को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दोनों संस्थाओं ने एक दूसरे से हाथ मिलाया हैं। विश्वविद्यालय परिसर में आज कोरिया के डोंगगुक विश्वविद्यालय के बौद्ध अध्ययन विभाग के डीन प्रो. ह्वांग सूनील और सांची विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. हरीश चंद्रवंशी ने एम.ओ.यू पर हस्ताक्षर किए।




एम.ओ.यू के दौरान विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. वैद्यनाथ लाभ और डोंगगुक विश्वविद्यालय के बुद्धिस्ट संस्थान के डायरेक्टर प्रो. चोनडोगॉक भी उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रो. ह्वांग सूनील ने लगातार खुश  हने पर बोलते हुए सूत्र दिया कि अपनी इच्छाओं को नियंत्रण में रखकर आसक्ति से बचा जा सकता है। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय का किस्सा सुनाते हुए उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के अंदर आने-जाने के लिए उन्होंने एक महंगी साइकिल खरीदी थी जो कि दूसरे ही दिन चोरी हो गई। तब उन्होंने एक साधारण साइकिल खरीदी जो कभी नहीं चोरी हुई। उस साइकिल में उन्हें ताला भी नहीं लगाना पड़ता था।

प्रो. ह्वांग ने बताया कि थाइलैंड के लोग भी बुद्ध के इस विचार के कारण सुखी रहते हैं कि- जीवन में दूसरी सबसे बेहतर चीज़ से संतुष्ट हो जाइए, प्रसन्न रहेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में खुश रहें नहीं तो आप अपने बीते हुए दिनों और आने वाले भविष्य को लेकर दुखी ही रहेंगे।

कुलगुरू प्रो. लाभ ने कहा कि बुद्ध कहते थे कि अगर आपकी एक हज़ार इच्छाएं हैं तो आपको दुख भी एक हज़ार हैं और अगर आपकी 100 ख्वाहिशें हैं तो दुख भी 100 हैं लेकिन अगर आपकी एक ही ख्वाहिश है तो आपको दुख भी एक ही होगा। कोई ख्वाहिश नहीं तो कोई दुख नहीं। उन्होंने कहा कि अपने आप को इच्छाओं से दूर करने पर आप स्वयं को खुश रख सकेंगे। सांची विश्वविद्यालय में आज मंगोलिया के विपस्सना रिसर्च सेंटर के सीरेंदेव डोरलिंग ने भी विपस्सना पर विशेष व्याख्यान दिया। उन्होंने सभी से 10 मिनट के लिए विपस्सना मेडिटेशन भी कराया। डोरलिंग का कहना था कि हम शरीर को तो साफ करते हैं लेकिन अपने मन को साफ नहीं कर पाते। विपस्सना के ज़रिए मन साफ होता है।

# सौजनी जाने वाला मार्ग भी हुआ क्षतिग्रस्त



**सिलवानी, देशबन्धु।** क्षेत्र का प्रसिद्ध स्थान सौजनी धाम श्री हनुमान मंदिर को जाने वाले मार्ग के लिए अभी एक मार्ग सुरक्षित बना हुआ था, जो कि स्टेट हाईवे 15 से सौजनी मोड़ के नाम से जाना जाता है और सांईखेड़ा गांव से यह मार्ग निकला हुआ है। कुछ वर्षों पहले ही इस सड़क का निर्माण किया गया था, जो अभी तक सुरक्षित बना हुआ था लेकिन ओवरलोड वाहनों के संचालन पर प्रतिबंध न होने से सड़कें समय से पहले उखड़नी शुरू हो गई है। वाहनों के झुकाव और अधिक भार के हिसाब से सड़क में पहले दरार पड़ती है। बाद में गिट्टियां छिन्न-भिन्न होती जा रही है। इसकी मुख्य वजह ओवरलोड वाहन की आवाजाही बताई जा रही है। तकनीकी रूप से कम क्षमता के वाहन पर ज्यादा भार लेकर चलने पर सड़क पर उसका बुरा प्रभाव पड़ रहा है। जानकारों के अनुसार वाहनों को भार क्षमता के अनुकूल चलाए जाने पर सड़कों की आयु सुरक्षित मानी जाती है। मगर गिट्टी, मिट्टी, रेत जैसे वजन वाले सामग्रियों की ढुलाई ट्रक पर क्षमता से कहीं अधिक लादकर किया जा रहा है। जिससे सड़क धंस जा रही है। इसके बाद उस पर भार पड़ने से टूटन शुरू हो रहा है। ग्रामीणों ने साईंखेड़ा से सोजनी धाम की उक्त सड़क को मरम्मत की मांग की जिससे श्रद्धालुओं को आने जाने में परेशानी न हो।

# रात होते ही ओवरब्रिज पर छा जाता है अंधेरा

**▸ महिलाओं और राहगीरों को होती है परेशानी**



**सांची, देशबन्धु।** नगर से उदयगिरि पर्यटक स्थल तक पहुंचने एवं रेलवे गेट की समस्या से छुटकारा देने के साथ ही विदिशा शहर से लंबी दूरी के छोटे-बड़े  वाहनों की सुविधा के लिए ओवरब्रिज बनकर तैयार हो चुका है। लेकिन ओवरब्रिज पर प्रकाश की व्यवस्था नहीं हो सकी है। इस कारण रात के समय यहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है। आम आदमी रात के समय निकलते समय भयभीत रहता है। साथ ही अंधेरे की वजह से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

यह ओवरव्रिज शहर के ट्रैफिक को तो व्यवस्थित करने के साथ ही सांची विश्व पर्यटक स्थल को उदयगिरि पर्यटक स्थल से जोड़ने का काम करता है। इसके साथ ही सांची आने वाले लगभग तीस गांव के लोगों के लिए यह बड़ी सौगात है। इस ओवरब्रिज से आवाजाही भी तेज हो चुकी है। इसके साथ ही इस ओवरब्रिज पर सुंदरता भी दिखाई देने लगी है। इसके साथ ही इस ब्रिज से नगर भर का नजारा आसानी से दिखाई देता है। वहीं ब्रिज के नीचे से ट्रेनों की आवाजाही से दृश्य और अधिक सुंदर हो जाता है। सुंदर दृश्य देखने नगर की महिलाएं-युवतियां शाम होते ही इस ब्रिज पर घूमने निकल पड़ती हैं। लेकिन शाम होते ही इस ब्रिज पर अंधेरा छाने लगता है। जिससे यहां घूमने वाले लोगों को तब भय बढ़ जाता है जब शराबी जाम छलकाने के बाद नशे में झूमने लगते हैं। कुल मिलाकर रात में यह असामाजिक तत्वों का अड्डा बन जाता है। इससे आम जनता और महिलाओं को यहां आने से डर लगने लगता है। इस ओवरब्रिज पर प्रकाश व्यवस्था बनाने की मांग भी की थी लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो सकी। इस ब्रिज से ग्रामीण क्षेत्रों तक पैदल जाने वाले लोगों को भी अंदर के कारण परेशानी उठानी पड़ती है। इस कारण विदिशा-भोपाल मार्ग ओवरब्रिज से गुलगांव रोड तक पूरे ब्रिज पर प्रकाश व्यवस्था बहुत जरूरी है। अंधेरा होने से वाहनों के टकराने और राहगीरों के के साथ बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है।

# ग्राम बेगवा कला में लगाया विधिक साक्षरता शिविर, ग्रामीणों को किया जागरुक

**सिलवानी, देशबन्धु।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायसेन अनिल कुमार सुहाने के मार्गदर्शन में, तहसील विधिक सेवा समिति सिलवानी द्वारा विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत शुक्रवार को ग्राम बेगवा कला में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति सिलवानी सुनीता पचौरिया ने कहा कि उत्पादन की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी श्रमिक है हर समय और हर मंच पर उचित सम्मान होने से जहां उसकी कार्यक्षमता में बढ़ोत्तरी होगी तो इससे उसके नियोजक को भी लाभ होगा। नालसा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवा योजना 2015 की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नालसा योजना-2015 के अंतर्गत जागरूकता अभियान का उद्वेश्य असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने, उन्हें संबंधित सुविधाओं का लाभ प्रदान करवाने व उन्हें प्राधिकरण से मुफ्त कानूनी सहायता उपलब्ध करवाना है। प्रत्येक श्रमिकों को श्रम विभाग में उपयुक्त पंजीकरण कराना आवश्यक है।



श्रमिक विधिक रूप से साक्षर हो जिससे अज्ञानता के कारण किसी भी स्तर पर उनका शोषण न हो और वह अपने अधिकारों को प्राप्त करने में किसी दूसरे से पीछे न रह जायें। शिविर में न्यायाधीश सुनीता पचौरिया द्वारा उपस्थित ग्रामवासियों को बताया कि किसी भी श्रमिक को बंधुआ मजदूरी व बाल श्रम के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता जो कि कानूनन अपराध है।

शिविर में अभिभाषक संघ अध्यक्ष दीपेश समैया द्वारा उपस्थित ग्रामवासियो को बाल मजदूर अधिनियम की जानकारी देते हुए कहा कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को बाल मजदूरी की समस्या से बचाने हेतु कानून बनाया गया है। उनके द्वारा बताया गया कि बीड़ी बनाना, पटाखे बनाना, खादानों में काम कराना, घरेलू नौकर के रूप में काम करवाना आदि कामों में बाल मजदूरी प्रतिबंधित है।

विधिक साक्षरता शिविर में ग्राम बेगवा कला सरपंच कांता यादव, सचिव मुरारी रघुवंशी सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे ।

# भाजपा की डबल इंजन सरकार से मिली विकास को रफ्तार : विधायक

**आष्टा, देशबन्धु।** भाजपा प्रत्याशी रमाकांत भार्गव के समर्थन में विधायक ने खेतो में कटाई कार्य में लगे मतदाताओं के बीच पहुंचकर किया संवाद, भाजपा को ऐतिहासिक मतों से विजय बनाने की अपील की। केंद्र में नरेन्द्र मोदी और प्रदेश में डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार ने विकास का जो इतिहास लिखा है, उसके कारण आज देश और प्रदेश का नागरिक भाजपा के साथ खड़ा है। डबल इंजन की सरकार मतलब विकास का दूसरा नाम भाजपा है। जब से मतदाताओं ने बुधनी की कमान भाजपा के हाथों में सौपी है उसके बाद से आज तक विकास की जो यात्रा शुरू हुई वो इस क्षेत्र के लाडले नेता मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री एवं आज केंद्र में कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा की सरकार में विकास की यात्रा आज भी जारी है और आगे भी रहेगी। यह कहना है विधायक गोपालसिंह इंजीनियर का। श्री इंजीनियर ने आज बुधनी विधानसभा के हो रहे उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रमाकांत भार्गव के समर्थन में ग्राम मेहरगांव, बड़ोदिया, आगरा, सतराना के बूथ बूथ, घर-घर मतदाताओं के यहां पहुंचकर तूफानी जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान बड़ोदिया ग्राम में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर उन खेतों में भी पहुंचे, जहां मतदाता फसलों की कटाई में लगे थे। विधायक ने खेतों में पहुंचकर दराता संभाला और फसल काटी तथा ग्रामीणों से संवाद कर आने वाली 13 तारीख को भाजपा प्रत्याशी रमाकांत भार्गव को भारी मतों से विजय बनाने की अपील की। जनसंपर्क में संवाद के दौरान बुधनी क्षेत्र में हुए विकास को जनता के सामने रखा और विकास के नाम पर जनता से अपील की। जनसंपर्क के दौरान भाजपा के कई वरिष्ठ नेता भी साथ थे।



# शिविर का उद्देश्य जनसमान्य तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित कराना : न्यायाधीश

**आष्टा, देशबन्धु।** विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में न्यायोत्सव: विधिक सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसमें विधिक सेवा योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं उक्त योजाओं का लाभ लेने के संबंध में विहित प्रक्रिया की जानकारी तथा जनसामान्य तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शिप्रा पटेल, प्रथम जिला न्यायाधीश और अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति, के मार्गदर्शन में ऋचा शर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, ने विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन मंडी कार्यालय, में किया गया। जिसमें श्रीमती शर्मा ने बताया कि कोई भी ऐसा व्यक्ति नि:शुल्क विधिक सेवायें प्राप्त करने का अधिकारी है जो कि निम्न श्रेणी के सभी व्यक्ति जिनकी आय सीमा के बंध के नि:शुल्क विधिक सेवाये प्राप्त करने का अधिकार होता है। जो व्शक्ति अनुसूचितजाति जनजाति का सदस्य हो , ऐसे व्यक्ति जो लोगों के दुर्व्यवहार से पीड़ित है या जिससे बेगार कराया जा रहा हो महिला या बाल हो, ऐसे व्यक्ति जो मानसिक रूप से अस्वस्थ है या अन्या असमर्थ है या निर्योग्य का तात्पर्य है अंधापन, कमजोर दिमागी रूप से बीमार आदि है।



# स्कूल में स्थापना दिवस पर छात्राओं ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां



**आष्टा, देशबन्धु।** इंस्टीट्यूट टैलेण्ट ट्यूटोरियल के स्थापना दिवस पर स्कूली छात्र -छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती व विद्यालय के संस्थापक व प्रेरणा स्त्रोत स्व. ब्रदीलाल जायसवाल के चित्र पर विद्यालय के प्राचार्य सुदीप जायसवाल व अध्यक्ष श्रीमति भगवती जायसवाल द्वारा माल्यार्पण कर की गई। सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य सुदीप जायसवाल द्वारा अपने उद्बोधन में विद्यालय की उपलब्धियों व विशिष्टताओं से सभी को अवगत कराते हुए बताया कि यहां से अध्ययन कर निकलने वाले छात्र विभिन्न क्षेत्रों में देश विदेशों में उच्च पदों पर कार्यरत् है। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक व प्रेरणा स्त्रोत स्व. बद्रीलाल जायसवाल की जयंती पर उन्हें भी याद किया गया एवं सभी ने उनके विचारों को आत्मसात कर उनके सिद्धांतो पर आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा ली। इस अवसर पर भगवान विष्णु के अवतार सहस्त्रबाहु की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्जवलित कर आरती की गई एवं सभी को भगवान राज राजेश्वर सहस्त्राअर्जुन जानकारी दी गई। इस अवसर पर सभी छात्र-छात्रा, शिक्षक व अभिभावकगण उपस्थित रहें। सभी को मिठाईयां वितरित कर शुभकामनाएं प्रेषित की। अंत में आभार विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक नंदकिशोर विश्वकर्मा द्वारा दिया गया।

### मोटर के तार लगाने को लेकर मारपीट

**आष्टा, देशबन्धु।** नगर थाना अंतर्गत ग्राम रिछाड़िया मे मोटर के तार लगाने की बात को लेकर हुआ विवाद। पुलिस ने बताया कि फरियादी रीनाबाई पति हिम्मत सिंह गोस्वामी निवासी रिछाड़िया को आरोपी सुमन बाई, आरती, बिंदु बाई ने गाली गलौच कर मारपीट की और जाने से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

# राजश्री महाविद्यालय में रंगोली, निबंध व मेहंदी प्रतियोगिताएं आयोजित

**▸ भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित अकादमिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के तहत हुआ कार्यक्रम**

**आष्टा, देशबन्धु।** राजश्री महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित अकादमिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें रंगोली प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता और मेहंदी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। राजश्री महाविद्यालय में समय-समय पर अनेक प्रकार की सांस्कृतिक व खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है, जिससे कि विद्यार्थियों का बौद्धिक व शारीरिक विकास हो सके।



जिसके चलते महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें रंगोली, निबंध व मेहंदी प्रतियोगिता शामिल है। प्रतियोगिताओं का आयोजन विद्यार्थियों का समूह बनाकर किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में राम सभा मेवाड़ा, वर्षा मेवाड़ा, पायल सूर्यवंशी व मंजू के समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रंगोली में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले समूह में विकास जलवाया, आकाश और अभिषेक शामिल है।

दीपिका, काजल और नीरज जाट के समूह ने रंगोली प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में पवन बी ए प्रथम वर्ष के छात्र ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, सपना मेवाड़ा बी एससी प्रथम वर्ष की छात्रा ने निबंध प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया और राम सभा बीएससी प्रथम वर्ष ने निबंध प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले काजल ब्रह्मभट्ट दूसरे स्थान पर पायल सूर्यवंशी और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली पायल सूर्यवंशी है। समस्त गतिविधियों को संपन्न कराने में महाविद्यालय संचालक बीएस परमार, प्रभारी प्राचार्य अर्जुन परमार, मीडिया प्रभारी मनोज कमलोदिया, राहुल सेन, प्रहलाद मेवाड़ा, सविता बैरागी, रामवती मेवाड़ा, पुष्पा मेवाड़ा, द्वारका प्रसाद करमोदिया, पूजा मेवाड़ा, पूजा परमार, अखिलेश सक्सेना, माया मेवाड़ा, ममता तिवारी , कविता भूतिया, हिमांशी झवर, पवन जाट, रंजना परमार, बहादुर सिंह, रवि मेवाड़ा, अरविंद यादव, रीना यादव व शिवराम का विशेष योगदान रहा।

### न्यायोत्सव: विधिक सेवा सप्ताह के तहत आज मैराथन दौड़ का आयोजन

**रायसेन,, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष श्री अनिल कुमार सोहाने के मार्गदर्शन में 09 नवम्बर को विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में 04 नवम्बर से 09 नवम्बर तक न्यायोत्सव: विधिक सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में 09 नवम्बर को रायसेन में मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया है। यह मैराथन 09 नवम्बर को प्रात: 08 बजे जिला न्यायालय परिसर से खेल स्टेडियम तक आयोजित की गई है।

# ताप्ती तीरे

## सार-समाचार

### महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष ने मारपीट मामले में छत्तीसगढ़ से ली जमानत

#### 2 साल पुराने मामले में शिकायतकर्ता ने न्याय की मांग की

**बैतूल, देशबन्धु।** शाहपुर क्षेत्र की पार्षद, महिला मोर्चा मंडल की अध्यक्ष ने 2 साल पुराने घरेलू हिंसा के मामले में भाटापारा, छत्तीसगढ़ से जमानत ली है। महिला मोर्चा मंडल की अध्यक्ष के खिलाफ परदेशीपुरा की रहने वाली प्रियंका गुप्ता ने एसपी से शिकायत की थी। शुक्रवार 8 नवंबर को प्रियंका गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से यह जानकारी दी। प्रियंका का आरोप है कि नीतू गुप्ता और उनके परिवार के सदस्य शक्ति, जान्हवी और अंजनेय गुप्ता ने उनके साथ मारपीट की थी।

प्रियंका ने बताया कि घटना 13 जुलाई 2022 की रात 10 बजे की है, जब नीतू गुप्ता और उनके परिवार ने उनके घर में घुसकर गाली-गलौच कर बीच रोड पर लाकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिसका वीडियो मोहल्ले के निवासियों ने बनाया था। प्रियंका का आरोप है कि यह विवाद वोट देने के मसले पर हुआ था। उन्होंने इस घटना का वीडियो फुटेज भी उपलब्ध कराया है, लेकिन शाहपुर थाने ने उनकी शिकायत दर्ज नहीं की थी और न ही उन्हें शिकायत की रसीद दी गई थी। छत्तीसगढ़ के भाटापारा की अदालत से गिरफ्तारी वारंट आने के बावजूद शाहपुर थाना उसे तामील नहीं कर रहा था। उन्होंने बताया कि लगातार शिकायतें करने के बाद ही दोषी न्यायालय में पेश हुए। प्रियंका का कहना है कि गुनहगार चाहे किसी भी पद पर हों, कानून सबके लिए समान होना चाहिए और वह न्याय की मांग करती हैं। साथ ही ऐसी महिला को जिसका की अपराधिक रिकॉर्ड हो उसे किसी राजनीतिक पार्टी व संगठन में रहने का कोई अधिकार नहीं होना चाहिए। अगर ऐसी महिला किसी राजनीतिक पद पर रहती हैं तो जनता के बीच इसका गलत संदेश जाएगा। यह मामला कई बार प्रशासन तक पहुंचा, लेकिन कार्रवाई न होने से प्रियंका को भाटापारा न्यायालय की शरण में जाना पड़ा।

### स्कूल संचालक से ऑनलाइन ठगी की कोशिश

#### फर्जी फीस के नाम पर किया 54 हजार की ठगी का प्रयास

**बैतूल, देशबन्धु।** बैतूल बाजार में ऑनलाइन ठगी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसमें एक स्कूल संचालक और शिक्षिका को निशाना बनाया गया।

बैतूल बाजार स्थित डिवाइन इंग्लिश स्कूल के संचालक अजय पवार के पास एक फोन आया, जिसमें एक शख्स ने खुद को एक बच्ची का अभिभावक बताया और फीस ऑनलाइन जमा करने की बात कही। अजय पवार ने फीस जमा करने की सहमति दी, जिसके बाद उस व्यक्ति ने उन्हें व्हाट्सएप पर एक स्क्रीनशॉट भेजकर दावा किया कि गलती से 6 हजार रुपये की जगह 60 हजार रुपये ट्रांसफर हो गए हैं और उनसे 54 हजार रुपये वापस भेजने की मांग की। अजय ने अपना खाता चेक किया, पर उसमें कोई राशि नहीं आई थी और न ही वह नाम स्कूल में दर्ज था। ठग ने बार-बार फोन करके 54 हजार रुपये लौटाने का दबाव बनाना शुरू किया और यहां तक कि पुलिस में शिकायत करने की धमकी भी दे डाली। इससे शंका होने पर अजय पवार ने तत्काल बैतूल बाजार थाने में शिकायत दर्ज करवाई। जब पुलिस ने ठग से बात की, तो उसने पुलिस को भी धमकी दी और फोन काट दिया। इसी बीच, डिवाइन स्कूल की स्पोर्ट्स शिक्षिका प्रतीक्षा मालवीय को भी एक अन्य नंबर से कॉल आया, जिसमें ठग ने 150 रुपये गलती से उनके खाते में ट्रांसफर होने का दावा किया और पैसे वापस मांगने लगा। प्रतीक्षा ने बिना खाता चेक किए 150 रुपये वापस भेज दिए, जिसके कुछ देर बाद उनके खाते से 5 हजार रुपये और गायब हो गए। स्कूल संचालक और शिक्षक प्रकोष्ठ भाजपा के जिला संयोजक अजय पवार ने सभी ऑनलाइन लेनदेन करने वालों से सतर्क रहने की अपील की है। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है और ठगों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

### गुरुनानक देव के प्रकाश पर्व पर 11 को निकलेगा नगर कीर्तन

#### चार साहिबजादे इंटरनेशनल गतका का प्रदर्शन रहेगा विशेष आकर्षण

**बैतूल, देशबन्धु।** सतगुरु नानक प्रगटया, मिटी धुंध जग चानण होआ। महान संत और गुरु श्री गुरुनानक देव के 555वें प्रकाश पर्व के अवसर पर बैतूल शहर में विशाल नगर कीर्तन का आयोजन होने जा रहा है। 11 नवंबरको दोपहर 1 बजे से गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा, गंज से इस नगर कीर्तन का शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं का संगम गुरुद्वारे में जुटेगा, और पूरे नगर में गुरुनानक नाम लेवा संगत की गूंज सुनाई देगी।

नगर कीर्तन की विशेषता यह है कि इस बार इसमें चार साहिबजादे इंटरनेशनल गतका दल, आगरा से विशेष तौर पर आ रहा है। नगर कीर्तन का मार्ग गुरुद्वारा (गंज) से प्रारंभ होकर भगतसिंह चौक, कांति शिवा चौक, पोला चौक (मस्जिद चौक), एचडीएफसी बैंक चौक, राजू खंडेलवाल निवास के समीप, सिंधी गुरुद्वारा, सोबेग सिंह साहनी मेडिकल के सामने से होते हुए गुप्ता मॉल, गंज शनि मंदिर, गंज बस स्टैंड और फिर भगतसिंह चौक से होकर गुरुद्वारा वापस लौटेगा। आयोजनकर्ताओं द्वारा बुजुर्ग लोगों के लिए विशेष वाहन की व्यवस्था भी की गई है ताकि वे भी इस कार्यक्रम में शामिल हो सकें। संगत की सेवा में समर्पित गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा, बैतूल द्वारा नगर कीर्तन के पश्चात शाम 7 बजे सभी संगत के लिए लंगर की व्यवस्था की गई है। इस पावन अवसर पर सभी संगतों से निवेदन किया गया है कि वे इस पुण्य अवसर का लाभ उठाएं।

# हाईटेंशन लाइन के नीचे अतिक्रमण पर प्रशासन का ध्यान नहीं, नागरिकों में आक्रोश

**सीएम हेल्पलाइन पर शिकायतें भी बेअसर**

**समय रहते नहीं हटे अतिक्रमण तो और बढ़ेगा कब्जा**



**बैतूल, देशबन्धु।** हमलापुर क्षेत्र के दुर्गा वार्ड में 400 केवी हाईटेंशन लाइन के नीचे हो रहे अवैध अतिक्रमण को हटाने की मांग जोर पकड़ रही है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि पावरग्रिड कॉर्पोरेशन द्वारा प्रशासन को सूचित करने के बावजूद अवैध निर्माण को रोकने की कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इस मुद्दे पर नागरिकों ने सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत की, लेकिन बिना समाधान के शिकायतें बंद कर दी गईं।

इस संबंध में आवेदक शिवम मिश्रा ने बताया कि पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा जारी नोटिस में कलेक्टर को सूचित किया जा चुका है कि विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 68 एवं केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण विद्युत आपूर्ति सुरक्षा अधिनियम 2010 की धारा 58, 60, और 61 के तहत हाईटेंशन लाइन के नीचे किसी भी तरह का निर्माण कार्य निषेध है। इसके बावजूद, प्रशासन की लापरवाही के चलते अतिक्रमण बढ़ रहा है। तहसील कार्यालय बैतूल में धारा 248 के तहत अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई थी, जिसमें केवल कब्जाधारियों की बागड़ तोड़ी गई थी। प्रशासन की इस आधी-अधूरी कार्रवाई से अवैध कब्जाधारियों के हौसले और बुलंद हो गए हैं, और वे अब और मजबूत तरीके से अतिक्रमण कर रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने इस मुद्दे पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।क्षेत्रवासियों का कहना है कि इस मामले में सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से शिकायतें की गईं, लेकिन बिना समाधान के शिकायतें बंद कर दी गईं। आवेदक संतोष, पिता बाबूलाल ने बताया कि करीब एक साल पहले सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई थी, परंतु आज तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। क्षेत्रीय अधिकारी इस मामले में कोई ठोस कदम उठाने की बजाय शिकायतें बंद करने का दबाव बना रहे हैं।एक अन्य आवेदक कृष्णकुमार यादव ने बताया कि आबादी की जमीन पर मंजूबाई द्वारा अवैध कब्जा किया गया है। पटवारी के प्रतिवेदन में मंजूबाई का कब्जा केवल 510 वर्ग फीट दर्शाया गया है, जबकि वास्तव में कब्जा एक हजार वर्ग फीट से भी अधिक है। उन्होंने बताया कि मंजूबाई द्वारा जमीन पर अतिक्रमण और बढ़ाने का प्रयास जारी है। इस मामले को कलेक्टर के पास ऑनलाइन भी प्रस्तुत किया गया था। साथ ही उन्होंने धारणाधिकार पर आपत्ति दर्ज करने की मांग की है।

**माझी सरकार की जमीन पर भी कब्जा :**क्षेत्र के हमलापुर में माझी सरकार को ढाई एकड़ जमीन आवंटित की गई है, जिस पर भी दबंगों द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है। माझी सरकार ने बताया कि प्रशासन द्वारा समय पर कार्रवाई नहीं की गई तो इस भूमि पर कब्जा लगातार बढ़ता जाएगा। माझी सरकार ने कई बार कब्जा हटाने का आग्रह किया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। आसपास के क्षेत्र का माहौल बिगड़ रहा है, और नागरिकों का कहना है कि प्रशासन इस गंभीर मुद्दे को नजरअंदाज कर रहा है।

## जिला न्यायालय बैतूल में निःशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर आज

**बैतूल, देशबन्धु।** विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत जिला न्यायालय परिसर में आज 9 नवंबर को प्रातः 10 बजे से निःशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें नागरिकों को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श और आयुष विधियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। यह आयोजन कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर के निर्देशन में किया जा रहा है।

संचालनालय आयुष द्वारा प्राप्त आदेशानुसार इस शिविर में आयुर्वेद, योग और पंचकर्म जैसी महत्वपूर्ण आयुष विधियों को प्रदर्शित किया जाएगा। नोडल अधिकारी के रूप में डॉ. विजय तांडिलकर आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, डॉ लक्ष्मी किसनानी नियुक्त किए गए हैं, जो शिविर के संचालन और व्यवस्थाओं की देखरेख करेंगे। शिविर में आए हुए नागरिकों को आयुष चिकित्सा के विभिन्न आयामों को समझाने के साथ ही योग और पंचकर्म जैसे स्वास्थ्यवर्धक उपायों से परिचित कराया जाएगा। डॉ. योगेश चौकीकर ने बताया इस तरह के आयोजनों से स्वास्थ्य के प्रति नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे लोग अपने स्वास्थ्य का ध्यान रख सकें और प्राचीन भारतीय चिकित्सा पद्धतियों का लाभ उठा सकें।

## वानिकी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले वनकर्मियों को किया सम्मानित

**चिचोली, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के वन भवन भोपाल में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया ,जिसमें वानिकी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए 46 वनकर्मियों को प्रशस्ति पत्र सम्मान एवं कमेंडेशन डिस्क से सम्मानित किया गया ।जिसमें पश्चिम बैतूल वन मंडल के चिचोली रेंज के खामपुर बीट में पदस्थ वनरक्षक फूलदेव यादव को कमेंडेशन डिस्क एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया ।



फूलदेव यादव, वनरक्षक पश्चिम बैतूल वनमंडल अंतर्गत वनपरिक्षेत्र चिचोली के बीट खामापुर में जुलाई 2020 से बीट प्रभारी खामापुर की हैसियत से पदस्थ रहे हैं। यादव द्वारा ग्रीन इंडिया मिशन वृक्षारोपण बीट खामापुर, जफारीमउ एवं गुल्लरढाना अंतर्गत रकवा 579 हे. (वर्ष 2019-20 से 2023-24) वर्ष 2020 में पौधो का रोपण किया गया। जिसमें मिश्रित प्रजातियों के साथ-साथ औषधीय प्रजातियां (आंवला, हर्रा, बेहड़ा, सफेद मूसली, सतावर, अश्वगंधा) का रोपण किया गया तथा मई 2024 की स्थिति में जीवितता 76 प्रतिशत है। पौधों का सफलतापूर्वक रोपण किया जाकर उत्कृष्ट श्रेणी का रखरखाव कार्य किया गया है। वर्ष 2020 में ग्रीन इंडिया मिशन में पुनरोत्पादन सर्वे का परिणाम 375 पौधे प्रति हे. था, जो कि वर्ष 2024 में बढकर 1450 पौधे प्रति हे. हो गया है। ग्रीन इंडिया मिशन के अंतर्गत आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के ग्रामीण युवक युवतियों को रोजगार के प्रशिक्षण जैसे- सहायक इलेक्ट्रीशियन एवं मोटर वाइंडिंग, जे.सी.बी. मशीन चालन, ड्रायविंग, सिलाई मशीन, कम्प्यूटर संचालन, बाईक रिपेयरिंग, मशरूम की खेती आदि का प्रशिक्षण दिलवाने में उत्कृष्ट योगदान दिया गया। उक्त प्राप्त प्रशिक्षण से वर्तमान में गांव के युवक युवतियां लाभांवित हो रहे हैं।श्री यादव बीट प्रभारी खामापुर के साथ ही विगत लगभग डेढ़ साल से बीट डोरी के अतिरिक्त प्रभार में रहे हैं। वनरक्षक के द्वारा नियमित रूप से बीट भ्रमण एवं रात्रि गश्ती की गई, जिससे खामापुर एवं डोरी बीट अंतर्गत वृहद स्तर पर कोई भी अवैध कटाई, अग्नि, अतिक्रमण आदि वन अपराध की घटना घटित नहीं होने पाई। वनरक्षक के द्वारा अन्य बीटों के अंतर्गत अवैध सागौन काष्ठ परिवहन कर रहे 3 वाहनों की जप्ती किये जाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई है। इस प्रकार श्री यादव द्वारा वन सुरक्षा एवं वानिकी कार्यो के साथ ही ग्रामीणजनों में रोजगार के अवसरों को तलाशने एवं उनके जीविकोपार्जन में गुणात्मक परिवर्तन लाने में उल्लेखनीय कार्य किया गया है।

## जावरा में गांव के सभी बुजुर्गों का हुआ सम्मान

**बैतूल, देशबन्धु।** आठनेर ब्लॉक के ग्राम जावरा में परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी न्यू लक्ष्मी मण्डल (बजरंग मंदिर) जावरा द्वारा बुजुर्ग सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गांव के सभी बुजुर्गों को अंग वस्त्र और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया, और उनसे आशीर्वाद लिया गया। साथ ही, मां लक्ष्मी की महाआरती के बाद प्रसाद का वितरण कर गांववासियों ने इस पर्व को उत्साहपूर्वक मनाया। इस कार्यक्रम में भाजपा आठनेर नगर मंडल अध्यक्ष गोवर्धन राने, भाजपा जिला कार्यालय मंत्री कृष्णा गायकी, क्षत्रिय लोन्हारी कुंबी समाज संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष पूनाजी कापसे, गिरधर पटेल, और गुणवंत पांसे विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोवर्धन राने ने कहा कि बुजुर्गों का सम्मान हमारे समाज का दायित्व है और यह गांव के लिए सौभाग्य की बात है कि इतनी बड़ी संख्या में वरिष्ठजनों का आशीर्वाद हमें प्राप्त है। उन्होंने युवाओं को संदेश दिया कि भविष्य के प्रति उनकी दृष्टि और बुजुर्गों का अनुभव मिलकर गांव के विकास को नई दिशा देगा। श्री राने ने कहा कि युवा वर्ग और वरिष्ठजन एक-दूसरे की गरिमा बनाए रखकर जावरा को आदर्श गांव बना सकते हैं। भाजपा जिला मंत्री कृष्णा गायकी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन अन्य गांवों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेंगे। उन्होंने गांव के सभी बुजुर्गों के सम्मान को गर्व का विषय बताया। क्षत्रिय लोन्हारी कुंबी समाज के अध्यक्ष पूनाजी कापसे ने कहा कि आने वाले समय में इस प्रकार के कार्यक्रमों को और भव्य रूप दिया जाएगा।

## अंडर-13 क्रिकेट टीम का चयन 10 को

**बैतूल, देशबन्धु।** बैतूल जिला क्रिकेट संघ द्वारा आगामी संभाग स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए अंडर-13 क्रिकेट टीम का चयन 10 नवंबर को किया जाएगा। जिला क्रिकेट संघ के सचिव अनिल दीक्षित ने जानकारी देते हुए बताया कि 13 वर्षीय खिलाड़ियों की टीम का चयन लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम ग्राउंड पर दोपहर 3.30 बजे से आयोजित ट्रायल्स के माध्यम से किया जाएगा। इस चयन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए, खिलाड़ियों का जन्म दिनांक 1.09.2011 से लेकर 31.8.2014 के बीच होना आवश्यक है। सभी चयनित खिलाड़ियों को अपने जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड के साथ उपस्थित होना होगा। बैतूल जिले के सभी तहसील और ग्राम क्षेत्रों से खिलाड़ी इस चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। ट्रायल्स में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी को जिला क्रिकेट संघ के कोच मोइज़ मंसूरी से संपर्क करें। यह आयोजन जिले के उभरते हुए क्रिकेट खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करेगा।

## तपश्री ज्ञान मंदिर शाला में सहस्त्रबाहु जयंती पर विशेष प्रतियोगिता का आयोजन

#### रावण को हराने वाले भगवान सहस्त्रबाहु की वीरगाथा से बच्चों को मिली प्रेरणा

**बैतूल, देशबन्धु।** कलचुरी कलार समाज के तत्वाधान में भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती के उपलक्ष्य में बैतूल के शैक्षणिक संस्थान तपश्री ज्ञान मंदिर शाला में एक विशेष आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भगवान सहस्त्रबाहु का जन्मोत्सव, दीप प्रज्वलित कर और छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर विधिवत मनाया गया। विद्यार्थियों के संग सहस्त्रबाहु की आरती कर महापुरुषों की गाथाओं से उन्हें प्रेरणा प्रदान की गई।

कार्यक्रम के दौरान दीप मालवीय ने भगवान सहस्त्रबाहु की वीरता का स्मरण कराते हुए कहा कि भगवान सहस्त्रबाहु ने नर्मदा नदी का वेग रोककर असाधारण साहस का परिचय दिया और रावण जैसे अजेय योद्धा को भी परास्त किया था। दीप मालवीय ने विद्यार्थियों को सहस्त्रबाहु की जीवन गाथा से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। इसके बाद महापुरुषों के जीवन और उनके आदर्शों पर आधारित प्रश्नोत्तरी का



आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभाशाली छात्रों को कॉपी, किताब, पेन, और पेंसिल उपहार स्वरूप प्रदान किए गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निमिष मालवीय और शैलेंद्र बिहारिया ने बच्चों को महापुरुषों की गाथाएं सुनाईं, जिन्होंने समाज में नई परंपराएं स्थापित कीं और जनकल्याण के लिए अनगिनत कार्य किए। मुख्य अतिथियों ने बताया कि ऐसे महापुरुष जिन्होंने समाज और देश के लिए महान कार्य किए, वे सदैव हमारी प्रेरणा का स्रोत बने रहेंगे। कार्यक्रम में बच्चों ने महापुरुषों की जीवनी से प्रेरणा पाकर अपने जीवन में वीरता और संकल्प की भावना को जागृत करने का संकल्प लिया।

## अयोध्या के लिए रवाना हुआ जिला औषधि विक्रेता संघ का दल

**बैतूल, देशबन्धु।** प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या के दर्शन के लिए जिला औषधि विक्रेता संघ का 50 सदस्यीय दल शुक्रवार, 8 नवंबर को भव्य समारोह के साथ रवाना हुआ। इस तीर्थयात्रा का शुभारंभ बैतूल के केसर बाग मैरिज लान से किया गया, जहां शाम 4 बजे संघ के वरिष्ठ सदस्य और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में दल को हरी झंडी दिखाकर वोल्वो बस से अयोध्या के लिए रवाना किया गया।




इस अवसर पर औषधि विक्रेता संघ के वरिष्ठ सदस्य राम प्रकाश गुगनानी, भाजपा नेता आनंद प्रजापति, भाजपा नेता अतीत पवार, कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अनुराग मिश्रा, शैलेंद्र गुप्ता, प्रवीण गुगनानी, कमलेश मेहता, राजेश मेहता, सचिन वागद्रे, नवीन वागद्रे, डॉ. अरुण जयसिंहपुरे, दीपक सलूजा, राजेंद्र मालवी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने तीर्थयात्रियों का पुष्प वर्षा से स्वागत किया। जिला औषधि विक्रेता संघ के तत्वाधान में आयोजित इस यात्रा का नेतृत्व संघ के अध्यक्ष मनजीत सिंह साहनी कर रहे हैं। सचिव सुनील सलूजा और कोषाध्यक्ष जयदेव गायकी यात्रा के आयोजन में प्रमुख भूमिका निभाएंगे। इस तीर्थयात्रा के बारे में संघ के वरिष्ठ सदस्य रामप्रकाश गुगनानी ने बताया इस यात्रा का उद्देश्य संघ के सदस्यों को धार्मिक स्थल अयोध्या में श्रीराम के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त कराना है। यह यात्रा हमारे धार्मिक आस्था का प्रतीक है। यात्रा संघ के सदस्यों में आध्यात्मिक प्रेरणा भी उत्पन्न करेगी।

## ग्राम कामथ में दिनदहाड़े चोरी



**बैतूल, देशबन्धु।** मुलताई थाना क्षेत्र के ग्राम कामथ में गुरुवार को दिनदहाड़े चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। फरियादी राजेन्द्र बोडखे ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि वह अपने परिवार के साथ गुरुवार को करीब 10-15 बजे अपने बड़े पिताजी गुलाबराव बोडखे के तेरहवीं के कार्यक्रम में ग्राम पारडसिंगा गए थे। उन्होंने अपने घर पर ताला लगाया हुआ था। शाम के करीब 4-40 बजे, घर के सामने रहने वाले सुरेश माकोड़े ने फोन पर सूचना दी कि उनके घर का गेट खुला हुआ है। राजेन्द्र और उनके परिवार ने तुरंत घर लौटने पर देखा कि मेन गेट का ताला टूटा हुआ था और घर के अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। उनके बेडरूम और दूसरे कमरे की आलमारियों के ताले भी टूटे हुए थे। चोरों ने बेडरूम की आलमारी से 3 सोने की पोत, 3 लेडिस सोने की अंगूठियां, 3 सोने की चेन, 4 सोने की अंगूठियां, 4 जोड़ी चांदी की पायल, 10 चांदी की चेन, बच्चों के 6 जोड़ी चांदी के कड़े, 3 छोटी चांदी की पायल, सोने की एक जोड़ी झुमकी और 2 जोड़ी झाले, तथा 98 हजार नकद रुपए चुरा लिए। फरियादी ने तत्काल 100 डायल कर पुलिस को सूचित किया। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली।

# सभी समाज को दिशा देता है कलार समाज : हेमंत खंडेलवाल

#### सहस्त्रोत्सव में हुआ 3 सैकड़ा बुजुर्गों, प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान

**बैतूल।** अपने बाहूबल से रावण को हराने वाले और 85 हजार साल तक ब्रहमाण्ड पर राज करने वाले भगवान सहस्त्रबाहु न सिर्फ कलार समाज बल्कि सभी के लिए पूज्यनीय है। कलार समाज मजबूत पृष्ठभूमि वाला समाज है और सभी समाज को दिशा देता है। यदि किसी गांव को अपने पक्ष में लाना है तो सबसे पहले उस गांव में रहने वाले कलार समाज के व्यक्ति को अपना बनाना होता है। तब पूरे गांव पर कब्जा किया जा सकता है।

उक्त उद्गार बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने शुक्रवार को कनक फन सिटी वॉटर पार्क में श्री हैहय क्षत्रिय कलचुरी कलार समाज के जिला स्तरीय समारोह सहस्त्रोत्सव को संबोंधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। श्री खंडेलवाल ने कहा समाज के लोग प्रत्येक क्षेत्र में आगे है। यदि समाज के सभी लोग एकजुट होकर विकास करे तो समाज और अधिक मजबूत होगा। श्री खंडेलवाल ने आश्वासन दिया कि समाज को जब-जब जिस भी स्तर पर मेरी जरूरत हो मैं हमेशा साथ रहूंगा।

**भगवान सहस्त्रबाहु सभी के आराध्य - डॉ. पंडाग्रे**-समारोह को संबोधित करते हुए आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने कहा कि समाज का यह कार्यक्रम सराहनीय है। ऐसे आयोजनों से समाज एकजुट होता है कलार समाज हमेशा अपने अधिकारों के लिए तहस्थ और जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहता है। न सिर्फ कलार समाज बल्कि सभी समाजों के लिए आराध्य भगवान सहस्त्रबाहु के बताए



मार्ग पर चलना चाहिए। डॉ. पंडाग्रे ने आश्वासन दिया कि समाज की जायज मांगों के लिए हमेशा साथ में रहूंगा। कलार समाज द्वारा समाज की ओर से दोनों विधायकों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

**कांतिशिवा छविगृह से निकली शोभायात्रा :**श्री हैहय क्षत्रिय कुलचुरी कलार समाज के आराध्य भगवान सहस्त्रबाहु जयंती के अवसर पर जिले भर के स्वजातीय बंधु शहर के गंज स्थित छविगृह कांतिशिवा में जमा हुए। यहां समाज के संरक्षक प्रेमशंकर मालवीय द्वारा सभी को स्वल्पाहार करवाया गया। समारोह की विशिष्ट अतिथि बिगबॉस फेम टीवी एक्टर ईशा मालवीय भी सुबह 11 बजे कांतिशिवा छविगृह पहुंची। यहां से विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में भगवान सहस्त्रबाहु का वेष धारण करने वाले नगर परिषद चिचोली के पूर्व अध्यक्ष संतोष मालवीय एवं प्रथम ऑवलेकर आकर्षण का केन्द्र रहे। टीवी एक्टर ईशा मालवीय भी पूरे समय शोभायात्रा में शामिल रही। कांतिशिवा छविगृह से निकली शोभायात्रा एवं वाहन रैली शहर का भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल कनक फन सिटी वॉटर पार्क खेड़ी सांवलीगढ़ पहुंची।

**तीन सैकड़ा बुजुर्गों का सम्मान:**सहस्त्रोत्सव का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भगवान सहस्त्रबाहु की आरती के साथ किया गया। सबसे पहले जिले भर से आए 75 साल से अधिक आयू वाले लगभग तीन सौ बुजुर्गों का सम्मान किया गया। कलार समाज के पदाधिकारियों द्वारा बुजुर्ग स्वजातीय बंधुओं को फूल-माला पहनाकर प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह भेट किए।

**प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया सम्मानित :**कलार समाज के प्रतिभावान विद्यार्थी जिन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए उन्हें भी प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्हि देकर सम्मानित किया गया। साथ ही मेडिकल कॉलेजों में अध्ययनरत भावी डॉक्टर और डॉक्टर बन चुके सामाजिक डॉक्टरों का भी सम्मान किया गया।

**स्व. गौरीशंकर आर्य को प्रथम कलचुरी बैतूल रत्न सम्मान :**जिला कलार समाज द्वारा इस साल से प्रतिवर्ष सहस्त्रबाहु कलचुरी कलार बैतूल रत्न पुरूस्कार देने की घोषणा की है। प्रथम कलचुरी बैतूल रत्न पुरूस्कार समाज के प्रति समर्पित निष्ठावान एवं सहयोगी रहे पत्रकार स्व. गौरीशंकर आर्य को दिया गया। स्व. गौरीशंकर आर्य की सुपुत्री जिज्ञासा (मुनमुन) आर्य को उक्त पुरूस्कार, स्मृति चिन्ह एवं 11 हजार रूपए नगद राशि दी गई।

# [अर्थ जगत]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 3.09 प्रतिशत |
| टाइटन | 2.13 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.90 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 1.44 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.31 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एशियन पेंट | 2.61 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 2.22 प्रतिशत |
| एसबीआई | 1.86 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.72 प्रतिशत |
| रिलायंस | 1.66 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 78,733 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 96,100 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 84.10 | 84.11 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9850-9950 |
| अरहर दाल | 11700-11800 |

# ईपीएस पेंशन भुगतान के नए पेमेंट सिस्टम का ट्रायल रन सफल : गोयल

**नई दिल्ली,** 8 नवम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को पेंशन सेवाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से कर्मचारी पेंशन योजना-1995 के तहत नई केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली (सीपीपीएस) के पायलट रन के सफल होने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि जम्मू, श्रीनगर और करनाल क्षेत्रों के 49,000 से अधिक ईपीएस पेंशनभोगियों को अक्टूबर के लिए लगभग 11 करोड़ रुपए की पेंशन वितरण के साथ पायलट रन 29-30 अक्टूबर को पूरा हुआ।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नए सिस्टम के माध्यम से पेंशनभोगी देश में कहीं भी किसी भी बैंक या ब्रांच में पेंशन प्राप्त कर सकते हैं। यह पेंशनभोगियों की लंबे समय से चली आ रही चुनौतियों का समाधान करता है और एक निर्बाध और कुशल संवितरण तंत्र सुनिश्चित करता है। नई सीपीपीएस प्रणाली जनवरी 2025 तक ईपीएफओ की चल रही आईटी आधुनिकीकरण परियोजना सेंट्रलाइज्ड



- 78 लाख लोगों को होगा फायदा
- नए सिस्टम से देश में कहीं भी किसी भी बैंक या ब्रांच में प्राप्त कर सकते हैं पेंशन

आईटी इनेबल्ड सिस्टम (सीआईटीईएस 2.01) के हिस्से के रूप में पूरी तरह से शुरू हो जाएगी और इससे ईपीएफओ के 78 लाख से अधिक ईपीएस पेंशनभोगियों को लाभ होगा।

इससे पहले नए सीपीपीएस सिस्टम के ऐलान के समय डॉ. मांडविया ने कहा था कि सेंट्रलाइज्ड पेंशन पेमेंट सिस्टम (सीपीपीएस) ईपीएफओ के आधुनिकीकरण में मील का पत्थर है। यह ईपीएफओ को एक अधिक मजबूत, उत्तरदायी और तकनीक-सक्षम संगठन में बदलने के हमारे चल रहे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो अपने सदस्यों और पेंशनभोगियों की जरूरतों को बेहतर ढंग से पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## 200 महिला उद्यमी निवेशकों से जुटाएंगी 850 करोड़ रुपए : गोल्डमैन सैश

**बेंगलुरु।** भारत में कम से कम 200 महिला उद्यमी निवेशकों से करीब 850 करोड़ रुपए (100 मिलियन डॉलर) जुटाने को तैयार है। इस राशि का उपयोग कारोबार के विस्तार और नई जॉब पैदा करने के लिए किया जाएगा। गोल्डमैन सैश द्वारा यह ऐलान किया गया। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि गोल्डमैन सैश 10,000 वूमेन पहल महिलाओं की अप्रयुक्त क्षमता को उजागर करती है। केंद्रीय मंत्री ने कंपनी के इवेंट में आगे कहा कि मुझे विश्वास है कि वे बाधाओं को तोड़ना और दूसरों को सशक्त बनाना जारी रखेंगे। वे महिलाओं की प्रगति में निवेश और समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वर्तमान में, इस पहल से 3,500 महिलाओं ने रोजगार के अवसर पैदा किए हैं और आर्थिक गतिविधियां चला रही हैं। मंत्री ने कहा कि कार्यक्रम यह भी दर्शाता है कि कैसे ये महिलाएं सरकार की अमृत काल की यात्रा में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं क्योंकि हम 2047 तक भारत को विकसित भारत लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में काम कर रहे हैं।



# भारतीय रेल ने बनाया नया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली,** 8 नवम्बर (देशबन्धु)। भारत में रोजाना लाखों यात्री ट्रेन से सफर करते हैं। लाखों की यह संख्या कई बार एक करोड़ का आंकड़ा भी पार कर गई है। इसी कड़ी में भारतीय रेलवे ने एक नया रिकॉर्ड बनाया है। रेल मंत्रालय द्वारा एक हालिया बयान के अनुसार, 4 नवंबर 2024 को ट्रेन से 3 करोड़ से अधिक यात्रियों ने सफर किया। यात्रियों की यह संख्या भारतीय रेल के लिए एक नए रिकॉर्ड बनाने को लेकर अहम है। मंत्रालय ने इसे देश के परिवहन इतिहास में एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है।

जानकारी के अनुसार, 4 नवंबर को, भारतीय रेल से 120.72 लाख नॉन-सबअर्बन यात्रियों ने यात्रा की, जिसमें 19.43 लाख आरक्षित यात्री और 101.29 लाख अनारक्षित यात्री शामिल थे। इसके अलावा, रेल मंत्रालय ने रिकॉर्ड 180 लाख सबअर्बन यात्रियों को सफर कराया। सभी यात्रियों की संख्या जोड़ने के बाद देश की रेल प्रणाली के लिए एक नया मानदंड स्थापित हो गया है। बयान में यह भी कहा गया कि भारतीय रेल ने यह उपलब्धि साल के सबसे व्यस्त महीने



- एक दिन में 3 करोड़ यात्रियों ने किया ट्रेन से सफर

के दौरान हासिल की है, जो भारतीय रेल की परिचालन कुशलता को दर्शाता है। साल के इस व्यस्त समय में दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पूजा के अवसर पर लाखों-करोड़ों लोग एक राज्य से दूसरे राज्य की यात्रा करते हैं। एक राज्य से दूसरे राज्य की इस यात्रा के लिए अधिकतर लोग ट्रेन का सफर ही चुनते हैं। यही वजह है कि त्योहारी सीजन में ट्रेन में लोगों की भीड़ देखी जाती है। यात्रियों की इस भीड़ को संभालने और व्यवस्थित करने के लिए भारतीय रेल की ओर से अतिरिक्त स्पेशल ट्रेन की भी व्यवस्था की जाती है। इस बार रेलवे बोर्ड ने त्योहारी सीजन की भीड़ को देखते हुए 1 अक्टूबर से 30 नवम्बर तक 7,663 स्पेशल ट्रेन सर्विस शुरू की है।

# सेल का मुनाफा 32.8 प्रतिशत लुढ़का

**मुंबई,** 8 नवम्बर (एजेंसियां)। सार्वजनिक क्षेत्र की दिग्गज इस्पात निर्माता कंपनी भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (सेल) का चालू वित्त वर्ष की दूसर तिमाही में एकल शुद्ध मुनाफा इसके पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 1241 करोड़ रुपए के मुकाबले 32.8 प्रतिशत गिरकर 834 करोड़ रुपए पर आ गया।

सेल SAIL
स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड
STEEL AUTHORITY OF INDIA LIMITED

कंपनी ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद शुक्रवार को शेयर बाजार को बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितम्बर तिमाही में उसे कर का भुगतान करने के बाद 834 करोड़ रुपए का एकल शुद्ध मुनाफा हुआ, जो वित्त वर्ष 2023-24 की इसी तिमाही के 1241 करोड़ रुपए के मुकाबले 32.8 प्रतिशत कम है।

आलोच्य अवधि में उसका कच्चा इस्पात उत्पादन 48 लाख टन से कम होकर 47.6 लाख टन पर आ गया। इसी तरह इस अवधि में उसकी बिक्री 47.7 लाख टन से गिरकर 41 टन रह गया। साथ ही इस दौरान उसका परिचालन से कारोबार 29714 करोड़ रुपए से कम होकर 24675 करोड़ रुपए पर आ गया।

# अक्टूबर में व्यापार में दर्ज हुआ उछाल

**नई दिल्ली,** 8 नवम्बर (एजेंसियां)। बीते महीने अक्टूबर में देश भर में उत्पादन केंद्रों से बाजारों तक माल के परिवहन के लिए ई-वे बिल जनरेशन रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) के आंकड़ों से मिली जानकारी के अनुसार, ई-वे बिल जनरेशन अक्टूबर के दौरान 11.7 करोड़ के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया, जो पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में 17 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

ई-वे बिल में वृद्धि आर्थिक गतिविधि में वृद्धि को दर्शाती है क्योंकि त्योहारी सीजन के दौरान अर्थव्यवस्था में बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में तेजी आई है।

यह आंकड़े इस सप्ताह की शुरुआत में जारी एचएसबीसी सर्वेक्षण के अनुरूप हैं, जिसमें दिखाया गया था कि



- वस्तुओं के ई-वे बिल रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचे
- त्योहारी सीजन में विनिर्माण सेक्टर में आई तेजी

भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की वृद्धि अक्टूबर में तेज हुई। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की इस वृद्धि का कारण नए उत्पादों और अंतरराष्ट्रीय बिक्री में तेजी था। इससे इस महीने नौकरियों के नए अवसर भी बढ़े। प्रदर्शन में तेजी भारतीय वस्तुओं की मजबूत मांग से बढ़ी। कंपनियों ने ऑर्डर बुक वॉल्यूम में तेज वृद्धि दर्ज की, जो लगभग 20 वर्षों के डेटा संग्रह में देखे गए औसत से अधिक मजबूत थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि नए उत्पादों की शुरूआत और सफल मार्केटिंग पहलों ने बिक्री प्रदर्शन को बढ़ाने में मदद की। परिवहन गतिविधि में वृद्धि के कारण ई-वे बिल उत्पादन में वृद्धि, सेवा क्षेत्र के लिए एचएसबीसी पीएमआई सर्वेक्षण में दर्ज की गई वृद्धि से मिलती है।

एचएसबीसी में भारत के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि भारत की सेवा पीएमआई सितंबर में अपने दस महीने के निचले स्तर से उबरकर पिछले महीने 58.5 पर पहुंच गई अक्टूबर के दौरान, भारतीय सेवा क्षेत्र ने उत्पादन और उपभोक्ता मांग में मजबूत विस्तार का अनुभव किया। इसके साथ ही रोजगार के अवसर भी बढ़े, जिसने 26 महीने का उच्चतम स्तर हासिल किया।

## सार संक्षेप

### विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 682.1 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में भारी कमी होने से 1 नवम्बर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.7 अरब डॉलर घटकर 682.1 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.5 अरब डॉलर गिरकर 684.8 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार एक नवम्बर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.9 अरब डॉलर की भारी गिरावट के साथ 589.8 अरब डॉलर पर आ गई। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.2 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 69.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आलोच्य सप्ताह एसडीआर में 10 लाख डॉलर की गिरावट आई और यह कम होकर 18.2 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि में 40 लाख डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 4.3 अरब डॉलर पर पहुंच गई।

### पीएम ई-ड्राइव योजना से ईवी बिक्री में रिकॉर्ड उछाल

**नई दिल्ली।** देश में इलेक्ट्रिक वाहनों का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। केंद्र सरकार की पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत ईवी को बढ़ावा दिया जा रहा है। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि देश में चलाई जा रही इस योजना की वजह से ईवी की बिक्री में शानदार उछाल दर्ज हुआ है। इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्रमोशन स्कीम (ईएमपीएस) और पीएम ई-ड्राइव योजनाओं जैसी पहलों के माध्यम से, 2024-25 में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री बढ़कर 5,71,411 यूनिट हो गई है। इसी अवधि के दौरान, ई-रिक्शा और ई-कार्ट सहित इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर्स की बिक्री 1,164 इकाई तक पहुंच गई, जबकि एल5 श्रेणी में इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर्स की बिक्री 71,501 इकाई तक पहुंच गई। केंद्र सरकार की इस योजना का उद्देश्य 24.79 लाख इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों को प्रोत्साहन देना है।

### एसबीआई ने दूसरी तिमाही में कमाया 18,331 करोड़ रुपए का मुनाफा

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की ओर से शुक्रवार को वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही के नतीजे पेश किए गए। बैंक का मुनाफा सालाना आधार पर 27.92 प्रतिशत बढ़कर 18,331 करोड़ रुपए हो गया है। जुलाई से सितम्बर अवधि के दौरान एसबीआई की परिचालन से आय सालाना आधार पर 50.87 प्रतिशत बढ़कर 29,294 करोड़ रुपए हो गई है। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में एसबीआई की रिटर्न ऑन एसेट्स (आरओए) और रिटर्न ऑन इक्विटी (आरओई) क्रमशः 1.13 प्रतिशत और 21.78 प्रतिशत रही है। एसबीआई के अनुसार, जुलाई से सितम्बर की अवधि के दौरान शुद्ध ब्याज से आय (एनआईआई) में सालाना आधार पर 5.37 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।


# बाजार को रास नहीं आया फेड की कटौती

**मुंबई,** 8 नवम्बर (एजेंसियां)। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दर में चौथाई फीसदी की एक और कटौती करने से विश्व बाजार में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, तेल एवं गैस, रियल्टी, यूटिलिटीज और पावर समेत पंद्रह समूहों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरकर बंद हुआ।

- सेंसेक्स 55.47 अंक उतरकर 79,486.32 पर रहा
- निफ्टी 51.15 अंक फिसलकर 24,148.20 पर बंद

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 55.47 अंक उतरकर 79,486.32 अंक पर आ गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 51.15 अंक फिसलकर 24,148.20 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई की दिग्गज कंपनियों से कहीं अधिक मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में गिरावट रही। इससे मिडकैप 1.18 प्रतिशत लुढ़ककर 46,080.07 अंक और स्मॉलकैप 1.52 प्रतिशत का गोता लगाकर 54,913.85 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 4064 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2575 में बिकवाली जबकि 1396 में लिवाली हुई वहीं 93 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 27 कंपनियां लाल जबकि अन्य 23 हरे निशान पर रही।

बीएसई के 15 समूहों का रुझान नकारात्मक रहा।




इससे रियल्टी 2.98, ऊर्जा 2.10, तेल एवं गैस 2.08, कमोडिटीज 1.30, सीडी 0.74, वित्तीय सेवाएं 0.74, इंडस्ट्रियल्स 1.15, दूरसंचार 1.04, यूटिलिटीज 1.59, बैंकिंग 0.65, कैपिटल गुड्स 0.90, धातु 1.05, पावर 1.51 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.96 प्रतिशत लुढ़क गए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा।

इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.74, जर्मनी का डैक्स 0.87, हांगकांग का हैंगसेंग 1.07 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.53 प्रतिशत गिर गया वहीं जापान के निक्केई में 0.30 प्रतिशत की बढ़त रही। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 70 अंक बढ़कर 79,611.90 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 79,117.37 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, इसके बाद हुई लिवाली के दम पर यह 79,807.26 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए।

## अमेरिका में नीतिगत ब्याज में 0.25 अंक की कटौती

**नई दिल्ली/ वाशिंगटन।** अमेरिका के संघीय बैंक फेडरल रिजर्व ने अपनी नीतिगत ब्याज दरों में 0.25 अंक की कटौती की घोषणा की है। फेडरल रिजर्व की ब्याज निर्धारण समिति ने लगातार दूसरी बैठक में ब्याज दर कम करने का निर्णय किया है। फेडरल रिजर्व की घोषणा के अनुसार उसकी खुले बाजार संबंधी समिति (ओएमसी) की गुरुवार को हुई बैठक में नीतिगत दरों को प्रतिशत 0.25 अंक और घटकर 4.5 प्रतिशत से 4.7 5 प्रतिशत के दायरे में रखने का निर्णय किया गया है। अमेरिकी संघीय बैंक ने इससे पहले सितंबर में ब्याज दरों में 0.5 अंक की बड़ी कटौती की थी। मौद्रिक समिति का यह निर्णय सर्वसम्मत से लिया गया है। फेडरल रिजर्व की ओएमसी ने बैठक के बाद एक बयान में कहा कि इस समय आर्थिक पर दृश्य अनिश्चित बना हुआ है।




# एशिया-प्रशांत क्षेत्र ऑफिस मार्केट में शीर्ष पर भारत

**बेंगलुरु,** 8 नवम्बर (एजेंसियां)। एशिया-प्रशांत क्षेत्र की ऑफिस मार्केट में मांग में 70 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ जुलाई-सितंबर तिमाही में भारत शीर्ष पर रहा। शुक्रवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। कोलियर्स इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, 17.3 मिलियन स्क्वायर फीट के साथ भारत एपीएसी ऑफिस लीजिंग गतिविधियों में शीर्ष पर रहा। देश में ए ग्रेड के ऑफिस की आधे से अधिक मांग हैदराबाद और बेंगलुरु से आई है। रिपोर्ट में कहा गया कि तीसरी तिमाही में 14.4 मिलियन वर्ग फुट से अधिक नए निर्माण के साथ, भारत में कुल मिलाकर नई आपूर्ति ने मांग को फॉलो किया है। कोलियर्स इंडिया में ऑफिस सर्विसेज के मैनेजिंग डायरेक्टर, अर्पित मेहरोत्रा ने कहा कि किरायों में बढ़ोतरी शहर-दर-शहर बदलती है। कुल रेंटल प्रॉपर्टी साइकिल ऑस्ट्रेलिया, जापान और न्यूजीलैंड के अनुरूप है। इसके अतिरिक्त, प्रतिस्पर्धी किराये और विविध अधिभोगी क्षेत्रों से मजबूत मांग एपीएसी क्षेत्र में भारतीय ऑफिस मार्केट की स्थिति को मजबूत करना जारी रखेगी। एशिया-प्रशांत ऑफिस मार्केट 2025 में बढ़ने का अनुमान है और नया डेटा दिखाता है कि तीसरी तिमाही में शीर्ष बाजारों में सालाना आधार पर 10.7 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत, न्यूजीलैंड और सिंगापुर जैसे देशों में मांग मजबूत थी, इन बाजारों में ऑफिस लीजिंग में वार्षिक वृद्धि 30 प्रतिशत से अधिक थी।



- सितम्बर तिमाही में मांग में हिस्सेदारी 70 प्रतिशत रही

# पाम ऑयल व चीनी महंगी अन्य जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली,** 8 नवम्बर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में जबरदस्त तेजी के प्रभाव से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में पाम ऑयल महंगा चढ़ गया जबकि अन्य जिंसों में में टिकाव रहा वहीं चीन के भाव चढ़ गए। **तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में नवंबर का पाम ऑयल वायदा 112 रिंगिट उबलकर 5150 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह नवम्बर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.14 सेंट की तेजी के साथ 48.46 सेंट प्रति पौंड बोला गया।



इस दौरान घरेलू बाजार में पाम ऑयल में 366 रुपए प्रति क्विंटल को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। **गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में चीनी में 855 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही जबकि गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव स्थिर रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 7500-7600, दाल चना 8500-8600, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 10700-10800, अरहर दाल 10400-10500 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

# एफएमसीजी वस्तुओं की वृद्धि में ग्रामीण बाजार शहरी से आगे : एनआईक्यू

**नई दिल्ली,** 8 नवम्बर (एजेंसियां)। कंज्यूमर इंटेलिजेंस फर्म एनआईक्यू की लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, भारत के फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) सेक्टर में जुलाई-सितम्बर तिमाही में मूल्य के हिसाब से 5.7 प्रतिशत और मात्रा के हिसाब से 4.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह वृद्धि लगातार तीसरी तिमाही में शहरी बाजारों की तुलना में ग्रामीण मांग में तेजी के कारण हुई। रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्रामीण मांग में 6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो इस अवधि के दौरान शहरी मांग में 2.8 प्रतिशत की वृद्धि से दोगुनी थी।

नील्सन आईक्यू के बयान के अनुसार पारंपरिक व्यापार की मात्रा में 2024 की तीसरी तिमाही (जुलाई-सितम्बर) में 4.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि 2024 की दूसरी तिमाही (अप्रैल-जून) में 3.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई। मंदी के बावजूद, आधुनिक व्यापार शहरी विकास से आगे निकलने में कामयाब रहा।



वॉल्यूम वृद्धि में वृद्धि का श्रेय कीमतों में वृद्धि के बावजूद मुख्य रूप से खाद्य तेल, पैकेज्ड आटा और मसालों जैसी कैटेगरी को जाता है। एनआईक्यू में भारत के वाणिज्यिक प्रमुख रूजवेल्ट डिसूजा ने कहा कि भारतीय एफएमसीजी उद्योग स्थिर मूल्य वृद्धि और मामूली मूल्य वृद्धि के साथ लचीलापन दिखाता है। इस तिमाही में दोनों क्षेत्रों में कम खपत के बावजूद ग्रामीण वॉल्यूम वृद्धि 6 प्रतिशत पर शहरी बाजारों से आगे निकल रही है।

हाल ही में आई गिरावट के बाद छोटे

- ग्रामीण मांग में 6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज
- शहरी मांग में 2.8 प्रतिशत की वृद्धि

निर्माता फिर से उभर रहे हैं, जबकि बड़े प्लेयर मूल्य वृद्धि में पीछे हैं। एफएमसीजी ने 2024 की तीसरी तिमाही में वॉल्यूम वृद्धि में मामूली सुधार देखा। खाद्य उपभोग वृद्धि 2024 की दूसरी तिमाही में 2.1 प्रतिशत की तुलना में तीसरी तिमाही में 3.4 प्रतिशत हो गई।

एचपीसी कैटेगरी में, 2024 की तीसरी तिमाही में खपत वृद्धि 2023 के दूसरी तिमाही में 6.7 प्रतिशत की तुलना में 6.0 प्रतिशत पर स्थिर हो गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि शहरी और ग्रामीण दोनों बाजारों में एचपीसी कैटेगरी के लिए उपभोक्ता मांग में यह स्थिरता देखी गई है। रूबेफेसिएंट और एनाल्जेसिक्स जैसी ओवर-द-काउंटर कैटेगरी ने मूल्य वृद्धि के कारण 2024 की तीसरी तिमाही में मूल्य बिक्री में 11.7 प्रतिशत की वृद्धि प्रदर्शित की।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड फौजदार गैरेज पवारखेड़ा इटारसी रोड नर्मदापुरम से मुद्रित एवं 45, वार्ड नं. 6, कसेरा मुहल्ला नर्मदापुरम म.प्र. से प्रकाशित, संपादक: पलाश सुरजन, फोन 422297। ई-मेल deshbandhuhbd1@gmail.com समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।